संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -305 शुक्रवार , 08 सितम्बर 2023, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# टिप्पणी कर बुरे फंसे उदयनिधि स्टालिन

- » उदयनिधि को महंगी न पड़ जाए सनातन धर्म पर टिप्पणी
- » सुप्रीम कोर्ट में याचिका; एफआईआर दर्ज करने की मांग
- » अपने बयान पर अड़े हुए हैं उदयनिधि स्टालिन




**नई दिल्ली, 07 सितम्बर2023(ए)।** तमिलनाडु सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन की सनातन धर्म को समाप्त करने वाली टिप्पणी का मामला सुप्रीम कोर्ट की चौखट तक आ पहुंचा है। बता दें कि दिल्ली के एक वकील ने सुप्रीम कोर्ट में एक आवेदन दायर कर उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ एफआईआर की मांग की।

### क्या है पूरा मामला ?

तमिलनाडु की द्रमुक सरकार में युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने हाल ही में सनातन धर्म को विवादित टिप्पणी की थी। जिसके बाद उनकी चौतरफा आलोचना हो रही है। इसके बावजूद वह अपने बयान पर अड़े हुए है। इसी बीच दिल्ली के एक वकील ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और उदयनिधि के खिलाफ एफआईआर की मांग की।

### सनातन धर्म के अनुयायी हैं वकील विनीत

वकील विनीत जिंदल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि वह सनातन धर्म के अनुयायी हैं और उदयनिधि के नफरती भाषण से बेहद दुखी हैं।

याचिका में कहा गया है कि आवेदक ने दिल्ली पुलिस आयुक्त के पास पहले ही शिकायत दर्ज कर द्रमुक नेता के खिलाफ दंडात्मक प्रावधानों के तहत कार्रवाई की मांग की। याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से दिल्ली और चेन्नई पुलिस के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की मांग की, क्योंकि पुलिस ने नफरती भाषण के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए एफआईआर दर्ज नहीं की।

### उदयनिधि के बाद अब ए राजा ने सनातन की तुलना एचआईवी से की,स्टालिन बोले सारे मुकदमे झेलूंगा

सनातन धर्म पर आ रहे बयानों को लेकर माहौल काफी गर्माया हुआ है। वहीं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि के बयान के बाद डीएमके सांसद ए राजा ने सनातन को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने सनातन की तुलना एचआईवी से की है।

वहीं, बिहार में सत्ताधारी गठबंधन में शामिल नेता जगदानंद ने कहा कि तिलक लगाकर घूमने वालों ने भारत को गुलाम बनाया है। उन्होंने कहा, देश में मंदिर बनाने से काम नहीं चलेगा। बता दें कि इससे पहले उदयनिधि स्टालिन ने सनातन की तुलना डेंगू, मलेरिया से की थी। उन्होंने कहा था कि सनातन का सिर्फ विरोध नहीं किया जाना चाहिए। बल्कि, इसे समाप्त ही कर देना चाहिए। उदयनिधि के इस बयान पर देशभर में सियासी बवाल मचा है। बीजेपी उदयनिधि के बयान को लेकर विपक्षी गठबंधनपर निशाना साध रही है।

सनातन धर्म को खत्म करने की बात करने वाले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि झुकने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने गुरुवार को कहा कि मैं इस मामले में सारे मुकदमों का कानूनी तौर पर सामना करने के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी एंड कंपनी सनातन के मुद्दे का इस्तेमाल कर रहे हैं ताकि मणिपुर हिंसा, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों से ध्यान भटकाया जा सके। हालांकि इस बीच उनके तेवरों में थोड़ी नरमी भी आई है। उन्होंने सफाई देने के अंदाज में कहा, 'हर कोई जानता है कि हम किसी भी धर्म के दुश्मन नहीं हैं।'




# चांद पर भी सेल्फी का क्रेज

### आदित्य-एल 1 अंतरिक्ष यान ने खींची तस्वीर

**चेन्नई,07 सितम्बर 2023(ए)।** भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने गुरुवार को कहा कि आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान ने पृथ्वी और चंद्रमा की सेल्फी और तस्वीरें ली हैं।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार, सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंज बिंदु (एल1) के लिए निर्धारित आदित्य-एल1 ने एक सेल्फी ली है और साथ ही पृथ्वी और चंद्रमा की तस्वीरें भी ली हैं। इसरो ने तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपलोड की हैं।

भारत की अंतरिक्ष आधारित सौर वेधशाला, आदित्य-एल1 को 2 सितंबर को ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान -एक्सएल (पीएसएलवी-एक्सएल) संस्करण नामक एक भारतीय रॉकेट द्वारा निम्न पृथ्वी कक्षा (एलईओ) में कक्षा में स्थापित किया गया था।

तब से इसरो द्वारा अंतरिक्ष यान की कक्षा दो बार बढ़ाई गई है। जैसे ही अंतरिक्ष यान लैग्रेंज पॉइंट ( की ओर यात्रा करेगा, यह पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र से बाहर निकल जाएगा। एसओआई से बाहर निकलने के बाद, क्रूज़ चरण शुरू हो जाएगा और बाद में अंतरिक्ष यान को एल 1 के चारों ओर एक बड़ी प्रभामंडल कक्षा में इंजेक्ट किया जाएगा वह बिंदु जहां दो बड़े पिंडों सूर्य और पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण खिंचाव बराबर होगा और इसलिए अंतरिक्ष यान किसी भी ग्रह की ओर गुरुत्वाकर्षण नहीं करेगा। लॉन्च से एल1 तक की कुल यात्रा में आदित्य-एल1 को लगभग चार महीने लगेंगे और पृथ्वी से दूरी लगभग 1.5 मिलियन किमी होगी।

# कांग्रेस के दिग्गजों के दौरे तय

- » इसी महीने राहुल,प्रियंका और खड़गे की सभा,
- » गुजरात,महाराष्ट्र,दिल्ली और यूपी के बड़े नेताओं को भी मिलेगी जिम्मेदारी



**भोपाल,07 सितम्बर 2023(ए)।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पूरी तरह से एक्टिव मोड में आ गई है। आने वाले दिनों में कांग्रेस के कई सीनियर नेता एमपी आएंगे और ताबड़तोड़ चुनावी सभा, रैली कर पार्टी के पक्ष में माहौल बनाएंगे। दिग्गजों के दौरे तय हो गए हैं।

दरअसल, 20 से 30 सितंबर के बीच कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे मध्यप्रदेश आएंगे। कल हुई चुनाव समिति की बैठक में राहुल गांधी को शहडोल के ब्योहारी में, प्रियंका गांधी को नर्मदा पुरम और धार के सरदारपुर लाने की रणनीति बनाई गई है। वहीं मल्लिकार्जुन खड़गे की उज्जैन मे सभा कराने की प्लानिंग चल रही है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की जनसभा के साथ रोड शो कराने की तैयारी भी है।

### इन राज्यों से भी आएंगे नेता

राहुल, प्रियंका और खड़गे के अलावा गुजरात, महाराष्ट्र दिल्ली, उत्तरप्रदेश के वरिष्ठ नेता भी एमपी आकर मोर्चा संभालेंगे। प्रदेश के 29 लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस एक-एक ऑब्ज़र्वर तैनात करेगी। जो जिम्मेदारी वाली लोकसभा की सभी विधानसभा सीटों पर नजर रखेंगे। जल्द कांग्रेस के जनरल सेकेट्री केसी वेणुगोपाल, प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ, प्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला के साथ इन ऑब्ज़र्वरों की बैठक होगी।

# सीट के लिए कोटे का खेल खेलने वाले दलालों की अब खैर नहीं

### चलती ट्रेन में यात्री से हो जाएगी पूछताछ

**नई दिल्ली,07 सितम्बर2023(ए)।** ट्रेनों में सीटों के लिए कोटा लेने और सैटिंग से उस कोटे को लेकर चल रहे खेल से रेलवे प्रबंधन पर्दा उठाने वाला है। इस संबंध में उत्तर रेलवे ने कहा है कि कोटा लगाने वाले अफसर और यात्री के बीच संबंध की जानकारी के लिए अब एक फॉर्म भरना अनिवार्य होगा।



देखा जाए तो त्योहार के सीजन में दिल्ली से चलने वाली अधिकतर ट्रेनों की सीट बुक हो जाती है और यात्री कंफर्म टिकट पाने के लिए दलालों के चक्कर काटते रहते हैं। लेकिन दलाल भी लोगों की मजबूरी का फायदा उठाकर उनसे मनचाहा पैसा ऐंठ लेते हैं। उसके बाद कुछ दलाल ऐसे होते हैं जिनकी रेलवे के धिकारियों को भी कुछ पैसा खिलाकर वह सांसद के कोटा से फॉर्म लगवा देते हैं।सफर के दौरान जिस सीट पर कोटा लगा है, उस सीट पर बैठे यात्री का मोबाइल नंबर, नाम, पीएनआर नंबर, सीट नंबर, कहां से कहां तक जाना है, के साथ ही कोटा लगाने वाले अधिकारी के बीच यात्री का संबंध की जानकारी देनी होगी। इसके अलावा यात्री के आईडी कार्ड का सत्यापन करने के बाद एक फॉर्म भरवाया जा रहा है।

# पाकिस्तान में शरण लेने वाले स्थानीय आतंकवादियों की संपत्ति जब्त की जाएगी

**जम्मू,07 सितम्बर 2023 (ए)।** जम्मू-कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह ने कहा कि उन स्थानीय आतंकवादियों की संपत्ति जब्त की जाएगी, जो यूटी के मूल निवासी हैं और शरण लेने के लिए पाकिस्तान भाग गए हैं। राजौरी में एक मीडिया सम्मेलन को संबोधित करते हुए डीजीपी ने कहा कि पुलिस के पास उन आतंकवादियों की एक सूची है जो जम्मू-कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में सक्रिय थे और फिर शरण लेने के लिए पाकिस्तान भाग गए।

उन्होंने कहा, उनकी संपत्तियां कुर्क की जा रही हैं और प्रक्रिया जारी रहेगी। इन आतंकियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है, क्योंकि ये नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार बैठकर आतंकवाद को बढ़ावा देते रहते हैं। उनके लिए कोई दया नहीं होगी. अगर उन्होंने वापस आने की कोशिश की तो उन्हें मार दिया जाएगा. ये लोग जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने की कोशिशों के पीछे हैं। नौ से बारह आतंकवादी, जिनमें से अधिकांश विदेशी हैं, राजौरी-पुंछ रेंज में सक्रिय हैं। हमारे पास इनपुट है कि वे घाटी के



कुलगाम-शोपियां जिलों से जम्मू संभाग के राजौरी-पुंछ जिलों की ओर बढ़ रहे थे। उनमें से तीन मारे गए हैं और अन्य की तलाश जारी है। पहाड़ों से फिसलकर आया एक आतंकवादी रियासी में मृत पाया गया।

पुलिस प्रमुख ने कहा, एक और व्यक्ति राजौरी मुठभेड़ में मारा गया और तीसरा रियासी मुठभेड़ में मारा गया, जहां ऑपरेशन अभी भी जारी है। उन्होंने कहा कि एलओसी पार से आतंकवाद को पुनर्जीवित करने की कोशिशों को सफल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्राम रक्षा समितियां (वीडीसी) आतंकवाद विरोधी अभियानों में बड़ी भूमिका निभा रही हैं। घुसपैठ की सभी बड़ी कोशिशों को नाकाम कर दिया गया है। सीमा ग्रिड को और मजबूत करने के लिए एलओसी पर सेना के साथ कुछ बिंदुओं पर पुलिस तैनात करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने इस बात पर सहमति जताई कि जब तक सीमा पार से नशीले पदार्थों की खेप भेजी जाती रहेगी, नशीले पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाने की चुनौती बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों का कारोबार करने वाले गिरोह के सदस्यों के रूप में काम करने वाले कुछ सीमावर्ती निवासियों की कड़ी कार्रवाई के लिए पहचान की जा रही है।

# सना खान हत्याकांड में आया नया मोड़



- » घर पर मिले खून के धब्बे एनडीए टेस्ट में मां के ब्लड से मिले
- » पुलिस के लिए सना की लाश बनी मिस्ट्री

**जबलपुर,07 सितम्बर 2023(ए)।** नागपुर की बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चे की पदाधिकारी सना खान हत्याकांड को पूरा महीना बीत चुका है, लेकिन अब तक सना की लाश पुलिस के हाथ नहीं लग सकी है। वहीं अब इस मामले में एक और बड़ा खुलासा हुआ है। फॉरेंसिक लैब ने पुलिस को जो रिपोर्ट सौंपी है, उसमें नया ट्विस्ट सामने आया है।

फॉरेंसिक रिपोर्ट के मुताबिक घर में मिले सना खान के खून के धब्बे और सना खान की मां के खून की डीएनए मेल खा गए हैं। फॉरेंसिक लैब में हुई जांच में यह बात स्पष्ट हो गई है कि सना खान के घर पर हत्या के बाद जो खून पुलिस ने जांच के लिए एकत्र किया था, वह डीएनए टेस्ट में सना खान की मां से मैच कर गया है।

बता दें कि पुलिस ने तीन जगह से ब्लड सैंपल कलेक्ट किए थे। आरोपी अमित साहू के घर के सोफे से, अमित साहू के घर से और एक डंडे से जिससे सना खान पर जानलेवा हमला किया गया था। इन तीनों जगह का खून, सना खान की मां के डीएनए से मेल खा गया है। हालांकि पुलिस को अभी तक सना की बॉडी नहीं मिल पाई है। इसलिए ये मामला सुलझने के बजाए उलझते जा रहा है। बता दें कि इस मामले में पुलिस ने अब तक 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं सना की लाश का पता बताने वाले को 1 लाख रुपए इनाम देने का भी का ऐलान हुआ फिर भी सफलता नहीं मिल सकी है। पुलिस ने अदालत में आरोपी अमित साहू के नार्को टेस्ट की मांग की लेकिन अदालत ने उसे खारिज कर दिया। ऐसे में सना की लाश के ना मिलने पर इस केस का क्या होगा? यह सवाल सबके मन में उठ रहा है।

# एक साल से जेल में बंद मिर्ची बाबा बरी

- » सबूतों के अभाव में लिया गया फैसला
- » रेप के आरोप में सेंट्रल जेल में बंद वैराग्यानंद गिरी उर्फ मिर्ची बाबा बरी, कोर्ट ने किया दोषमुक्त



**भोपाल,07 सितम्बर 2023(ए)।** रेप के आरोप में भोपाल सेंट्रल जेल में बंद वैराग्यानंद गिरी उर्फ मिर्ची बाबा को बुधवार को कोर्ट ने बरी कर दिया है. मिर्ची बाबा पर लगे दुष्कर्म के आरोप सिद्ध नहीं हो सके हैं. मिर्ची बाबा को ग्वालियर से गिरफ्तार करने वाली भोपाल पुलिस आरोप सिद्ध नहीं कर सकी. इसके बाद कोर्ट ने बाबा को बाइज्जत बरी किया. जज समृता सिंह ठाकुर की अदालत ने फैसला सुनाया.

करीब एक साल पहले मिर्ची बाबा पर निसंतान महिला ने नशीली भभूती खिलाकर रेप करने का आरोप लगाया था. भोपाल के महिला थाने में 8 अगस्त 2022 को मामला दर्ज हुआ था. 9 अगस्त 2022 को भोपाल पुलिस ने मिर्ची बाबा को ग्वालियर से गिरफ्तार किया था. गिरफ्तारी के बाद से मिर्ची बाबा सेंट्रल जेल में बंद हैं. कांग्रेस सरकार में मिर्ची बाबा को राज्यमंत्री का दर्जा भी मिला था.

### कोर्ट में आरोप तय नहीं कर सका पीड़ित पक्ष

मिर्ची बाबा के वकील श्रीकृष्ण धोसले ने बताया कि निसंतान महिला ने नशीली भभूती खिलाकर दुष्कर्म का आरोप लगाया था. इन आरोपों को पीड़ित पक्ष कोर्ट में साबित नहीं कर पाया. इसके बाद कोर्ट ने मिर्ची बाबा को बरी कर दिया. इससे पहले मिर्ची बाबा ने कोर्ट में मर्दानगी टेस्ट पोटेंसी टेस्ट की मांग भी की थी. हालांकि इस याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया था. कोर्ट में मिर्ची बाबा के वकील ने याचिका दायर की थी. कोर्ट में मिर्ची बाबा के साथ मारपीट का मामला भी सामने आ चुका है.

### कांग्रेस ने दिया था राज्य मंत्री का दर्जा

मिर्ची बाबा उस वक्त काफी चर्चा में आए थे, जब उन्होंने पिछले लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की जीत के लिए 5 क्विंटल मिर्ची से हवन किया था. उस समय मिर्ची बाबा ने दावा किया था कि दिग्विजय सिंह चुनाव नहीं जीते तो वह जल समाधि ले लेंगे. दिग्विजय सिंह के साध्वी प्रज्ञा सिंह से चुनाव हारने के बाद बाबा अपनी बात से पलट गए थे. 2018 में कांग्रेस की सरकार में मिर्ची बाबा को राज्य मंत्री का दर्जा भी दिया गया था.

# जयराम रमेश संवैधानिक प्रावधानों और संसदीय प्रक्रियाओं के बारे में भ्रामक बयान दे रहे हैं

**नई दिल्ली,07 सितम्बर 2023(ए)।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने संसद के विशेष सत्र और एजेंडे को लेकर कांग्रेस नेता जयराम रमेश के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि वह संवैधानिक प्रावधानों और संसदीय प्रक्रियाओं के बारे में तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं और भ्रामक बयान दे रहे हैं।



प्रल्हाद जोशी ने जयराम रमेश के एक्स पर रिप्लाई करते हुए कहा, लोकतंत्र में संसद को बुलाना सबसे बड़ा वरदान है, हालांकि बाध्यकारी विरोधाभासी लोगों की एक लॉबी है जो इसका विरोध करती है। जयराम रमेश के हालिया बयान काफी भ्रामक रहे हैं। वह संवैधानिक प्रावधानों और संसदीय प्रक्रियाओं के बारे में तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं।

जोशी ने जयराम रमेश पर हमला जारी रखते हुए कहा, रमेश झूठा दावा कर रहे हैं कि जीएसटी लागू करने के लिए 30 जून, 2017 को सेंट्रल हॉल में हुआ ऐतिहासिक समारोह संसद सत्र था। यह बिल्कुल सच नहीं है! यह संविधान के अनुच्छेद 85 के तहत एक सत्र नहीं था। संसद और इसकी प्रक्रियाओं को बदनाम करने वाली गलत सूचना के प्रसार को रोकना महत्वपूर्ण है।

केंद्रीय मंत्री ने अपने एक्स पर विशेष सत्र को लेकर आगे कहा, संविधान के अनुच्छेद 85 के तहत संसद का एक सत्र यही है और स्थापित संसदीय प्रथाओं के अनुसार एजेंडा शेयर किया जाएगा।

# देश का नाम इंडिया से भारत करने पर हो रहा हंगामा

### अब तक कितने देशों ने बदला है अपना नाम

**नई दिल्ली,07 सितम्बर 2023(ए)।** विपक्ष का इंडिया और एनडीए के भारत के बीच तकरार बढ़ती जा रही है। इस बीच खबर आ रही है कि केंद्र सरकार देश का नाम इंडिया से भारत कर सकती है। दरअसल इस बात को हवा तब मिली जब जी20 मेहमानों को राष्ट्रपति भवन में होने वाले डिनर के लिए आमंत्रित किया गया।

दरअसल डिनर के लिए भेजे गए निमंत्रण पत्र पर अंग्रेजी में इंडिया की जगह भारत लिखा हुआ है। बता दें कि भारत जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। इसमें विभिन्न देशों से शामिल होने वाले गणमान्य व्यक्तियों को राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले डिनर कार्यक्रम में भी शामिल होना है।

यह सारा विवाद निमंत्रण पत्र को लेकर है जिसमें 'प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया' की जगह 'प्रेसिडेंट ऑफ भारत' लिखा हुआ है। ऐसा पहली बार है जब किसी आधिकारिक निमंत्रण पत्र में देश के नाम में बदलाव किया गया है।

इस बीच कांग्रेस और देश की तमाम विपक्षी पार्टियों को भाजपा को घेरने का मुद्दा मिल गया है। मगर हम आपको बता दें कि ऐसा पहली बार नहीं है जब किसी देश का नाम बदला गया है। दुनिया में कई ऐसे देश हैं जिन्होंने अपना नाम बदला है।




इन देशों ने बदला है अपना पुराना नाम

**तुर्किए:** बता दें कि पिछले साल ही राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप एर्दोगन के एक आदेश के बात तुर्की का नाम तुर्किए कर दिया गया। इस बदलाव का एकमात्र उद्देश्य देश की समृद्ध संस्कृति, मूल्यों और सभ्यता को वैश्विक मंच पर बेहतर ढंग से प्रस्तुत करना है।

**चेकिया:** अप्रैल 2016 में चेक रिपब्लिक ने देश को स्पोर्ट्स इवेंट और ग्लोबल मार्केट में अपनी पहचान दिलाने के लिए बड़ा कदम उठाया। इस देश ने अपना नाम बदलकर चेकिया रख लिया।

**इस्वातिनी:** अफ्रीकी देश स्वाजीलैंड ने अप्रैल 2018 में अपना नाम इस्वातिनी रख लिया। दरअसल लोगों को स्विट्जरलैंड के साथ मिलते देश के नाम की वजह से भ्रम पैदा होता था, इसलिए इस्वातिनी ने अपना नाम बदला।

**नीदरलैंड्स:** नीदरलैंड ने प्रचार के मकसद से जनवरी 2020 में अपना नाम हॉलैंड से बदलकर नीदरलैंड रखा था। दरअसल इसका कारण खुद को आविष्कारक और समावेशी मुल्क के तौर पर पेश करना था।

**रिपब्लिक ऑफ नॉर्थ मैसेडोनिया:** नाटो में शामिल होने और ग्रीस में एक इलाके का नाम मैसेडोनिया होने की वजह से इस देश ने अपना नाम बदला। फरवरी 2019 में मैसेडोनिया रिपब्लिक ऑफ नॉर्थ मैसेडोनिया बन गया।

**श्रीलंका:** श्रीलंका ने अपनी आजादी को दिखाने और पुर्तगाली और ब्रिटिश शासन के ऐतिहासिक अवशेषों को हटाने के लिए 2011 में औपनिवेशिक नाम सीलोन को त्यागकर श्रीलंका रखा।

संपादकीय

## उपाय क्यों कारगर नहीं?

ताजा आंकड़े बताते हैं कि इन कदमों से खाद्य महंगाई पर काबू पाने में आंशिक राहत ही मिली है। जुलाई में भारत में खाद्य महंगाई 11.5 फीसदी रही। यह तीन साल में सबसे उच्चतम स्तर था।

भारत सरकार की आयात-निर्यात नीति में अस्थिरता से किसान या अन्य उत्पादक तबकों के लिए समस्याएं खड़ी होती हैं। हाल में जब प्याज का सवाल आया, तो आखिरकार सरकार को यह वादा करना पड़ा कि सरकार किसानों से प्याज की खरीदारी ऊंची कीमत पर करेगी, ताकि निर्यात रोकने के फैसले से उन्हें नुकसान नहीं होगा। बहरहाल, देखने की बात यह है कि जिस मकसद से खाद्य पदार्थों का निर्यात हाल में रोका गया है, क्या उसमें कामयाबी मिली है? भारत ने पहले गेहूं के निर्यात पर रोक लगाई थी। अब गैर-बासमती और बासमती चावल के निर्यात पर भी कई तरह की रोक लगा दी गई है। लेकिन ताजा आंकड़े बताते हैं कि इन कदमों से खाद्य महंगाई पर काबू पाने में आंशिक राहत ही मिली है। जुलाई में भारत में खाद्य महंगाई 11.5 फीसदी रही। यह तीन साल में सबसे उच्चतम स्तर था। अध्ययनों के मुताबिक पिछले पांच साल में भारत में सामान्य खाने की थाली का दाम 65 फीसदी बढ़ा है, जबकि इस दौरान लोगों की कमाई सिर्फ 37 फीसदी बढ़ी है। यानी खाने पर लोगों का खर्च काफी ज्यादा बढ़ गया है। इस संकट के कई कारण चर्चा में हैं। इस सिलसिले में अल नीनो के प्रभाव के चलते कमजोर होते मॉनसून, सरकार के भंडार में घटते अनाज, फ्री राशन स्कीम की जरूरतें आदि की चर्चा रही है। यूक्रेन युद्ध से बनी विश्व स्थितियों को भी इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है। लेकिन खाद्य एवं अन्य महंगाई को बढ़ाए रखने में कारोबार पर एकाधिकार रखने वाली कंपनियों और विक्रताओं की क्या भूमिका है, यह सवाल भारत में हो रही चर्चा से गायब है। जबकि पश्चिमी देशों में हुए अध्ययनों ने इस भूमिका को प्रमुख कारण के रूप में सिद्ध कर दिया है। आईएमएफ ने भी यूरोप के संदर्भ में इस तथ्य को अपनी एक रिपोर्ट में स्वीकार किया है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर विरल आचार्य ने अपने हाल के शोध में भारत के संदर्भ में इस पहलू की भूमिका साबित कर दी है। मगर पक्ष हो या विपक्ष या फिर मेनस्ट्रीम मीडिया- इस बारे में उन्होंने चुप्पी साध रखी है।

# जी-20 में भारतीय पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियां

### साक्ष्य और समानता का आश्वासन

आज दुनिया भारत को किफायती और साक्ष्य-आधारित स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में पारंपरिक ज्ञान के भंडार के रूप में पहचानती है। इसका मुख्य कारण आयुर्वेद और योग में इसकी प्रभावशीलता है। भारत की जी-20 की अध्यक्षता ने इस प्रभावकारिता को विश्व की अग्रणी हस्तियों और स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े विशेषज्ञों के सामने बहुत ही लक्षित तरीके से प्रदर्शित करने का सुनहरा मौका प्रदान किया। आयुष मंत्रालय ने वैश्विक समुदाय को यह बताने के लिए सभी प्रासंगिक विचार-विमर्श में सक्रिय रूप से भाग लिया। भारत के पारंपरिक स्वास्थ्य विज्ञान ÷अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण÷ के सतत विकास लक्ष्य 3 (एसडीजी 3) पर ध्यान केंद्रित करते हुए मानवता और पर्यावरण की लगातार बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए इसे प्रदर्शित कर रहे हैं।

अब यह बिल्कुल स्पष्ट है कि कोविड के बाद वैश्विक समुदाय के स्वास्थ्य संबंधी व्यवहार में भारी बदलाव आया है। अब यह समग्र स्वास्थ्य और कल्याण की ओर स्थानांतरित हो गया है। न्यायसंगत तरीके से उच्च गुणवत्ता, सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना अब मानवता की जरूरत है। पिछले 9 वर्षों के दौरान आयुष मंत्रालय की विभिन्न पहलों ने विभिन्न पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों में आधुनिक तकनीकी उपकरणों और आधुनिक पद्धतियों को शामिल किया है, जिसके परिणामस्वरूप समग्र रूप से साक्ष्य-आधारित आयुष क्षेत्र में जबरदस्त वृद्धि हुई है। यह याद रखना उचित होगा कि जापान के ओसाका में जी-20 शिखर सम्मेलन के तीसरे सत्र के दौरान, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में 5 ए - एक्सेसीबल (पहुंच योग्य), अफोर्डेबल (किफायती), अप्रोप्रिएट (समुचित), एकाउंटेबल (जवाबदेह) और एडेप्टेबल (अनुकूलनीय) के बारे में बताया था। आयुष मंत्रालय इन आयामों में लगातार योगदान दे रहा है और भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत व्यापक चर्चा के दौरान मंत्रालय ने विभिन्न कार्यक्रमों/सेमिनारों में प्रदर्शित किया कि उसके पास (ए) जी-20 देशों के भीतर पारंपरिक चिकित्सा के लिए अनुसंधान एवं विकास और नियामक दिशानिर्देशों का मानकीकरण को लेकर वैश्विक सहयोग और समन्वय को बढ़ावा देने के लिए सभी आवश्यक साधन हैं; (बी) ज्ञान साझा करने, क्षमता निर्माण और सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों की सुविधा के लिए उद्योग जगत से हितधारकों को शामिल करना। मंत्रालय ने सहयोग और साझेदारी के संभावित क्षेत्रों की पहचान करने के लिए विभिन्न जी-20 भागीदारी और कार्यसमूहों के साथ मिलकर काम किया।

जी-20 के तहत स्वास्थ्य कार्यसमूह की स्थापना महत्वपूर्ण वैश्विक स्वास्थ्य मुद्दों पर संवाद बढ़ाने और जी-20 देशों के दिग्गजों को सूचित करने के लिए की गई है। साथ ही, यह समूह वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए समान स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त करने की दिशा में काम करता है। आयुष मंत्रालय ने जी-20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सभी कार्यसमूह कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया। यह सब 17-18 अगस्त को गुजरात के गांधीनगर में आयोजित पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) पारंपरिक चिकित्सा वैश्विक शिखर सम्मेलन में किया गया। गुजरात के जामनगर में पारंपरिक चिकित्सा के लिए डब्ल्यूएचओ ग्लोबल सेंटर में भागीदारी, विचारों और अनुभवों के आदान-प्रदान के मामले में और डब्ल्यूएचओ पारंपरिक चिकित्सा रणनीति 2025-35 के दस्तावेज दोनों के लिए भविष्य की रणनीतियों को तैयार करने को लेकर शिखर सम्मेलन एक बड़ी सफलता थी।

पारंपरिक चिकित्सा में भारत सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए, डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस ने इस वैश्विक शिखर सम्मेलन के दौरान पारंपरिक चिकित्सा में भारत के निर्विवाद योगदान की पुष्टि की। उल्लेखनीय है कि इस वैश्विक शिखर सम्मेलन के परिणाम दस्तावेज को जल्द ही डब्ल्यूएचओ द्वारा गुजरात घोषणा के रूप में जारी किया जाएगा।

हाल ही में, जुलाई में दिल्ली में जी-20 शेरपा, अमिताभ कांत की अध्यक्षता में आयुष मंत्रालय द्वारा स्थिति का जायजा लिया गया था। बैठक में जी-20 के माध्यम से वैश्विक स्तर पर चिकित्सा की आयुष प्रणालियों को बढ़ावा देने के आयुष मंत्रालय के प्रयासों पर ध्यान केंद्रित किया गया। डब्ल्यूएचओ ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन (जीसीटीएम) के भीतर नवीन तकनीकों और नवीन दृष्टिकोणों को शामिल करने का सुझाव देते हुए, अमिताभ कांत ने विस्तार से बताया कि कैसे इनफ्यूजन पारंपरिक कार्यप्रणालियों को आधुनिक बनाएगा और उनकी प्रभावशीलता को बढ़ाएगा, जिससे पारंपरिक चिकित्सा की व्यापक स्वीकृति और उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने जी-20 के सभी भागीदार समूहों में पारंपरिक चिकित्सा के सिद्धांतों को एकीकृत करने के लिए हितधारकों के बीच बेहतर सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया।

जी-20 की विभिन्न एंगेजमेंट और वर्किंग ग्रुप की बैठकों में आयुष मंत्रालय के प्रयासों का निश्चित रूप से प्रभाव पड़ा है। इस बैठक में यह तब स्पष्ट हुआ जब स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अपर सचिव श्री लव अग्रवाल की टिप्पणी में उन्होंने भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की आगामी स्वास्थ्य संबंधी घोषणा में पारंपरिक चिकित्सा को शामिल करने की पुष्टि की। उन्होंने आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल के संदर्भ में पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों की पूरी क्षमता का पता लगाने और सहयोग करने के लिए विशेषज्ञों और हितधारकों को एक मजबूत मंच प्रदान करने के लिए पारंपरिक चिकित्सा के लिए एक समर्पित मंच की स्थापना की आवश्यकता भी जताई। उसी बैठक में, स्टार्टअप-20 के इंडिया चेयर श्री चिंतन वैष्णव ने कहा कि आयुष चिकित्सा प्रणाली को भविष्य को आकार देने वाले स्टार्टअप-20 एजेंडा की सूची में शामिल किया गया है, जिसे ब्राजील की जी-20 की अगली अध्यक्षता के तहत आगे बढ़ाया जाएगा। अपने अत्याधुनिक अस्पतालों और अत्यधिक कुशल डॉक्टरों के साथ, भारत चिकित्सा पर्यटन के लिए सबसे लोकप्रिय स्थलों में से एक बनकर उभरा है। देश में चिकित्सा पर्यटन को और बढ़ावा देने के लिए, तिरुवनंतपुरम में पहले स्वास्थ्य कार्यसमूह ने चिकित्सा मूल्य यात्रा पर एक अतिरिक्त कार्यक्रम का आयोजन किया। यह भारत में चिकित्सा पर्यटन उद्योग में अवसरों और चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए एक लाभदायक और व्यावहारिक मंच था। यहां कई हितधारकों द्वारा यह देखा गया कि एकीकृत स्वास्थ्य देखभाल पर आधारित चिकित्सा मूल्य यात्रा के माध्यम से दुनिया के देश आपस में जुड़ेंगे। इसमें पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को मजबूत तरीके से शामिल किया गया है। यह मौजूदा स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में असमानताओं को दूर करने के उद्देश्य को पूरा करेगा।

ल्लेखनीय है कि आयुष उद्योग हाल के वर्षों में एक महत्वपूर्ण बदलाव से गुजरा है। बाजार अनुसंधान रिपोर्ट के अनुसार बाजार में प्रति वर्ष 17 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है और अनुमान है कि यह 23.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक तक पहुंच गया है। ये संख्याएं किसी भी उद्योग मानक से बहुत अधिक हैं। आयुष की बढ़ती लोकप्रियता और स्वीकार्यता का श्रेय बढ़ी हुई जागरूकता, वैज्ञानिक मान्यता, सरकारी समर्थन, वैश्विक पहुंच, जीवनशैली के रुझान और आयुष प्रणालियों द्वारा पेश किए गए व्यक्तिगत दृष्टिकोण को दिया जाता है। जैसे-जैसे अधिक लोग आयुष कार्यप्रणालियों के लाभों का अनुभव करेंगे, मुख्यधारा की स्वास्थ्य देखभाल में इसकी स्वीकृति और जुड़ाव बढ़ने की संभावना है।

एक मोर्चे पर, यह आयुष क्षेत्र में काफी विकास के अवसरों को दर्शाता है, लेकिन इस तेज वृद्धि के साथ जुड़ी चुनौतियाँ भी हैं। चुनौतियों को सुरक्षा, प्रभावकारिता, पारदर्शिता, विश्वसनीयता और नैतिक कार्यप्रणालियों के संदर्भ में देखा जा सकता है।

बढ़ती लोकप्रियता ऐसे उदाहरण भी सामने लाती है जहां भ्रामक दावों ने जनता के बीच अविश्वास पैदा कर दिया हैं। भारत सरकार ने भ्रामक जानकारी के मुद्दे के समाधान के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनमें विज्ञापन और उपभोक्ता संरक्षण के मामले भी शामिल हैं। इसके संचालन में सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने और आयुष के क्षेत्र में विश्वास को बढ़ावा देने की यात्रा वर्ष 2014 में आयुष मंत्रालय की स्थापना के बाद से ही शुरू हो गई थी।

इन वर्षों के दौरान, मंत्रालय ने अपने फार्माकोविजिलेंस कार्यक्रम को मजबूत करके सक्रिय रूप से कदम उठाए हैं। भ्रामक विज्ञापनों की निगरानी के लिए एक मजबूत तंत्र विकसित किया गया है। इसके साथ ही, भ्रामक विज्ञापन से संबंधित अन्य नियम और विनियमन भी ऐसे मामलों से निपटने में समान रूप से प्रभावी हैं। सरकार की प्रमुख पहलों में से एक मजबूत फार्माको-विजिलेंस कार्यक्रम का कार्यान्वयन है। ये कार्यक्रम आयुष दवाओं की सुरक्षा की निगरानी करने और प्रतिकूल घटनाओं या दुष्प्रभावों पर डेटा इकठ्ठा करने के लिए तैयार किए गए हैं। यह कार्यक्रम प्रतिकूल घटनाओं की रिपोर्ट एकत्र करता है, उनका विश्लेषण करता है और उन पर प्रतिक्रिया देता है। इस पूरी प्रक्रिया में यह सुनिश्चित किया जाता है कि आयुष दवाओं की सुरक्षा प्रोफाइल की लगातार निगरानी की जा सके।

मंत्रालय ने नियामक अनुपालन और स्थापित दिशानिर्देशों के पालन के महत्व पर जोर दिया है। इसने आयुष औषधियों के लिए एक नियामक ढांचा लागू किया है, जिसमें निर्माताओं, आयातकों और वितरकों के लिए लाइसेंसिंग और प्रमाणन प्रक्रियाएं शामिल हैं। इसके अलावा, मंत्रालय ने आयुष के क्षेत्र में अनुसंधान और साक्ष्य-आधारित कार्यप्रणालियों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया है। यह आयुष उपचारों की प्रभावकारिता और सुरक्षा को मान्यता देने के लिए कठिन वैज्ञानिक अध्ययन और नैदानिक परीक्षणों को प्रोत्साहित करता है। आयुष मंत्रालय राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सूचनाओं का आदान-प्रदान करने, सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को साझा करने और आयुष दवाओं की नियामक निगरानी को मजबूत करने के लिए नियामक अधिकारियों के साथ सहयोग करता है। यह सहयोग यह सुनिश्चित करने में मदद करता है कि सुरक्षा मानक वैश्विक कार्यप्रणालियों के अनुरूप हैं और उनके बीच तालमेल भी है। हाल ही में गांधीनगर में डब्ल्यूएचओ पारंपरिक चिकित्सा वैश्विक शिखर सम्मेलन के दौरान, इस विषय पर गहन विचार-विमर्श किया गया, जिसके परिणामस्वरूप भाग लेने वाले देशों के बीच इस क्षेत्र में समन्वित कार्रवाई की संभावना बढ़ी है।

संक्षेप में, पिछले कुछ महीनों के दौरान जी-20 की अध्यक्षता की गतिविधियों ने विभिन्न भारतीय पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को साक्ष्य-आधारित प्रभावकारिता को प्रदर्शित करने और साझा करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया। इसने देश और दुनिया भर में पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र के सभी हितधारकों की आशा और विश्वास को भी मजबूत किया है कि भारतीय पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियां व्यापक तौर पर स्वास्थ्य कवरेज के ऊंचे लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मानवता की सेवा करने में सभी आवश्यक साधनों से सुसज्जित हैं।

**-सर्बानंद सोनोवाल-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## सनातन धर्म के अपमान पर मेरी रचना

सनातन को मिटाने की चाह रखने वाले मिट गए।
सुन स्टालिन तेरे जैसे कितने आए और लुट गए।
तुम सनातन की तुलना डेंगू मलेरिया से करते हो।
अरे फट्टूओं सत्य सनातन धर्म से इतना डरते हो।
सत्य सनातन धर्म ये सभी ज्ञान आदर्शों का मूल है।
बाप दादाओं से पूछो यही मानव सभ्यता समूल है।
सबसे पहले दुनिया को मानवता का पाठ हमने पढ़ाया।
कोई धर्म ऐसा नहीं जिसने वसुधैव कुटुम्बकम् बताया।
ऐ उदयनिधि स्टालिन तुम्हारा भी तो नाम सनातनी है।
तुमने धर्म बदला है अपना तभी संस्कारों की कमी है।
विश्वगुरु बनकर सनातन ने मानव को मार्ग दिखाया है।
आदर्श संस्कारों के साथ जीवन को जीना सिखाया है।
कितने आक्रांता कितने शहंशाह आए मर खप गए।
सनातन को खत्म करने वाले मिट्टी में मिल गड़ गए।
जिसे स्वयं महादेव ने रचा जिसकी महिमा बताई है।
उसी सनातन धर्म की अरे मूर्खों तुमने की बुराई है।
सनातन संस्कृति के नाश की कामना लिए बैठे हो।
तुम्हें मालूम नहीं तुम खुद का विनाश किए बैठे हो।
न्यायालय के आदेश पर जब तक जेल तुम्हें नहीं होगा।
याद रख जूनियर स्टालिन तब तक चैन हमें नहीं होगा।
स्टालिन तुम्हारे बिगड़े बेटे को अब हम ही सुधारेंगे।
सत्ता का भूत है सर पे जो उसे हिन्दू वोट से उतारेंगे।



**संतोष सरल,**
अंबिकापुर
सरगुजा
छत्तीसगढ़

## रण-भूमि

जो बाते युद्ध में होती हैं,
वह मेरे साथ हो रही हैं।
हर कार्य के पहले ही,
नीतियों के जाल बो रही है।
कई चौखट बने हुए हैं,
मंजिल के दरवाजों पर।
लक्ष्य के चिंता में,
खुशियों के पल को खो रही है।।
प्रतिस्पर्धा के इस युग में,
मन चिंतित हो रही है।
कैसे होगा नौका पार,
स्थिरता को खो रही है?
लम्बी लड़ाई लड़नी है,
अनेक अवरोध राहों पर।
सफलता की आस में,
उम्मीद के बीज बो रही है।।
युद्ध निरंतर चल रही,
रणभूमि के अनंत क्षेत्रों में।
किधर देखूँ किसे देखूँ,
कुछ छूट रहा मेरे नेत्रों में।
नजर जहाँ तक जाती है,
मति को दौड़ा लेती हूँ।
युद्धाभ्यास कर लेती हूँ,
विपरीत दशा दरिद्रों में।।
अभी युद्धकला सीख रहे,
जीत-हार के पनाहों में।
पटखनी देती-खाती हुई,
निशि-वासर के छाँहों में।
शस्त्रों को हस्त थामे हुए,
नजर लगाए लक्ष्यों को।
कदम ताल करते हुए,
असीम जज्बा के बाहों में।।
किस्मत में क्या है?
पर भाग्य-रेखा से लड़ रही हूँ।
एक तरफ गृहस्थी,अंगज,
धूप वर्षा में उधड़ रही हूँ।
अनेक बाधाओं से लड़ते,
गिरते-पड़ते ही सही मैं
किले में फतेह करने
चिरागे-मस्तक रगड़ रही हूँ।।



**चन्द्रकांत खुंटे क्रांति**
जांजगीर-चांपा
(छत्तीसगढ़)

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# दीवार और हाजी मस्तान

अंडरवर्ल्ड पर फिल्में बनाने का चलन मूल तो हालीवुड का है। माफिया शब्द इटालियन माफियुसी से आया है, जिसका अर्थ होता है शेरदिल। हालीवुड में गुड फेलास, द बिग हिट, गाडफादर, स्कारफेस, वंस अपान ए टाइम इन अमेरिका और केसिनो जैसी फिल्में बनी हैं और जिनकी अनेक विदेशी सिनेमा में नकल भी हुई है। भारत में संगठित अपराध की शुरुआत हुई 1940 से और इसके 3 संस्थापक थे, हाजी मस्तान, वरदराजन मुदलियार और करीम लाला। ये तीनों स्मगलर और गैंगस्टर थे। 80 के दशक में दाउद इब्राहिम का उदय हुआ और वह सही अर्थ में माफिया बना। दीवार 1975 में माफिया फिल्म नहीं थी, पर यह पहली हिंदी फिल्म थी, जिसके हीरो की प्रेरणा असली गैंग लीडर हाजी मस्तान से ली गई थी।

दीवार दिलीप कुमार की गंगा-जमुना (जिसमें दिलीप कुमार डाकू बन जाते हैं और उनके भाई नासिर हुसैन पुलिस आफिसर) और महबूब खान की मदर इंडिया (जिसमें एक आदर्श मां अपने अपराधी बेटे को गोली मार देती है) का शहरी स्वरूप था। दीवार में मां, दो भाई और मां-बेटे का, ये दोनों एंगल थे और उसमें हाजी मस्तान का चरित्र जोड़ा गया था, जो उसके गोदी कामदार तक मर्यादित था।

रिटन बाई सलीम-जावेद नाम की किताब में सलीम खान ने कहा है, मस्तान ने ही इस फिल्म को अपने जीवन की कहानी होने का दावा कर के अपनी महिमा बढ़ाई थी। अमिताभ बच्चन ने एक इंटरव्यू में कहा था, विजय का पात्र आंशिक रूप से हाजी मस्तान पर आधारित था। मैंने एक बार महालक्ष्मी रेसकोर्स पर हाजी मस्तान को देखा था। अमिताभ ने कहा था, वह एकदम स्थिर और सीधी तरह टुकुर-टुकुर देखता था और मुझे वह बहुत दिलचस्प लगा था। उसकी आंखें हमेशा नम रहती थीं।

1926 में तमिलनाडु के रामनाथपुरम के नजदीक पनाइकुलम गांव में पैदा हुआ मस्तान हैदर मिर्जा 17 साल की उम्र में मुंबई आया था और गोदी कामदार के रूप में काम करना शुरू किया था। उस समय समुद्र द्वारा स्मगलिंग होती थी और धीरे-धीरे उसकी रीति-नीति हाजी की समझ में आ गई। इसके बाद उसने ट्रांजिस्टर और घड़ियों की तस्करी शुरू की। मझगांव गोदी पर उस समय पठान गैंग गोदी कामदारों से वसूली करता था। हाजी ने उनका आतंक कम करने के लिए 10 लोगों की टोली बना कर पठानों को मारमार के लस्त कर दिया था। फिल्म दीवार में यह काम विजय ने अकेले किया था।

जंजीर (1972) में विजय के तेवर देखने मे बाद सलीम-जावेद ने अमिताभ को ध्यान में रख कर दीवार का रोल लिखा था। चोपड़ा को जब इस स्क्रिप्ट के बारे में पता चला था, तब उन्होंने राजेश खन्ना के साथ यह फिल्म करने का प्रस्ताव रखा था। पर सलीम-जावेद ने अमिताभ का आग्रह किया था। फिल्म दीवार के निर्माता गुलशन राय ने खन्ना को साइन भी कर लिया था। एक इंटरव्यू में खन्ना ने कहा था, सलीम-जावेद से मेरे मतभेद थे, उन्हें अमिताभ को ले कर फिल्म करनी थी। पर दीवार की दो रील देख कर मैंने कहा था, वाह क्या बात है।

हाजी मस्तान का भी मत ऐसा था। मस्तान ने दीवार की कहानी सुन कर वरिष्ठ पत्रकार अली पीटर जॉन से तब कहा था, मस्तान का रोल करने के लिए बेस्ट एक्टर चुना है इन लोगों ने।युसुफभाई के बाद अगर कोई बढ़िया एक्टर इस देश में हुआ है तो वह है अमिताभ बच्चन। वह जरूर मेरे किरदार में जान डालेगा।

अमिताभ के भाई के रूप में पहले शत्रुघ्न सिन्हा का विचार हुआ था। पर जावेद अख्तर ने शशी कपूर को यह कह कर सेकेंडरी रोल के लिए मनाया था कि आप के हिस्से में एक अमर संवाद है ÷मेरे पास मां है। शशी कपूर ने इसी एक लाइन के लिए अमिताभ के नीचे का रोल स्वीकार किया था।

फिल्म दीवार जैकपाट साबित हुई थी। जावेद अख्तर अमिताभ बच्चन को दीवार की स्क्रिप्ट सुना रहे थे, तब कुछ दृश्य के बाद बीच बीच में वह अमिताभ से कहते थे, ये आप के 15 हफ्ते हो गए... ये आप के 25 हफ्ते हो गए। और स्क्रिप्ट पूरी कर के कहा था कि ये आप के 100 हफ्ते हो गए। दीवार पूरे भारत के सिनेमा थिएटरों में 100 सप्ताह से अधिक समय तक हाउसफुल की तख्ती के साथ चली थी। इस फिल्म ने हिंदी सिनेमा के हीरो की शक्ल बदल दी थी और अमिताभ की व्यवस्था विरोधी यंग्री यंगमैन और एंटी हीरो की इमेज को पूरी तरह दर्शकों की चेतना में जड़ दिया था। जावेद अख्तर कहते हैं, अमितजी ने जंजीर में यंग्री यंगमैन का रोल किया था। पर उनका सिक्का चला दीवार से। हम ने मदर इंडिया और गंगा-जमुना में यंग्री यंगमैन (सुनील दत्त और दिलीप कुमार) को देखा था, पर उसमें बहुत नौटंकी थी, क्योंकि उन फिल्मों में रोमांस था, तमाशा था और गाने थे। अमितजी के आने से यंग्री यंगमैन को पंख लगे। क्योंकि इसमें नौटंकी नहीं थी। उसका असर लोगों पर आज भी है।

फिल्म दीवार में विजय के पिता (सत्येन कप्पू) के अंतिम संस्कार के दृश्य में अमिताभ ने ही यश चोपडा से कहा था कि अग्निदाह के समय वह अपने बाएं हाथ में अग्नि पकड़ेगा, जिससे शर्ट की स्लीव्ज खिंचने पर दर्शक हाथ का टैंटू मेरा बाप चोर है। पढ़ सकें। यह अत्यंत प्रतीकात्मक दृश्य था। और पावरफुल साबित हुआ था। फिल्म दीवार के विजय में अन्याय के प्रति इतना गुस्सा था कि मात्र एक फाइट सीन होने के बावजूद पूरी फिल्म ऐक्शन फिल्म कही जाती है। फिल्म में हिंसा विजय के विचारों और प्यार में थी।

दीवार में तमाम यादगार दृश्य व संवाद हैं। पर इसमें मंदिर का जो दृश्य है, वह अमिताभ के लिए बहुत कठिन दृश्य था। विजय नास्तिक और हमेशा मंदिर की सीढियों पर बैठा रहता है, पर वह नास्तिक नहीं है, गैरसांप्रदायिक है, और उसकी मां और भाई दर्शन करने जाते हैं, इसके लिए उसे कोई परेशानी नहीं है। अमिताभ ने जावेद अख्तर से कहा था कि मैं यह सीन नहीं कर सकता। यश चोपड़ा ने कहा था कि जितना समय चाहिए, वह देने को तैयार हैं। अमिताभ सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक सेट पर रहे थे और बीच बीच में मेकअप रूम में जा कर शीशे के सामने इसका रिहर्सल किया था।

अमिताभ कहते हैं, हमें सुबह सीन शूट करना था। पर रात होते तक इसे किया। बहुत कठिन सीन था। विजय को ईश्वर में आस्था नहीं थी और मां की बीमारी के कारण मंदिर जाना फर्ज बनता था। मेरी समझ में नहीं आ रहा था कि इस सीन को कैसे करूं।जावेद साहब ने कुछ संकेत दिए थे, क्योंकि उन्हें भी पता नहीं था मरने वाला आदमी क्या बोलता है। पूरे दिन राह देखने के बाद अमिताभ ने एक ही टेक में यह एकोक्ति की थी। हिंदी सिनेमा के इतिहास में यह दृश्य यादगार साबित हुआ।



**वीरेंद्र बहादुर सिंह**
नोएडा
उत्तरप्रदेश

# सिर्फ बातों से तो नहीं हारेगी भाजपा

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की मुंबई बैठक में खूब बातें हुईं। ममता बनर्जी और इक्का दुक्का अन्य नेताओं को छोड़ कर सभी विपक्षी नेताओं ने खूब भाषण दिए। एनडीए और 'इंडिया' का फर्क दिखा। एनडीए की बैठक में सब कुछ नरेंद्र मोदी पर केंद्रित था जबकि 'इंडिया' की बैठक में फ्री फॉर ऑल था। प्रेस के सामने सबको बोलने का मौका मिला और जिसको जितनी देर तक बोलने का मन हुआ वह बोलता रहा। मीडिया के लोग भी उब गए थे भाषण सुन कर। हर भाषण में एक बात दोहराई गई कि 'भाजपा को हरा देंगे'। यह बात राहुल गांधी ने कही, मल्लिकार्जुन खड़गे ने कही, नीतीश कुमार ने कही, लालू प्रसाद ने कही और अरविंद केजरीवाल ने भी कही। दूसरी पार्टियों के नेताओं ने भी अपनी अपनी तरह से इस बात को दोहराया। सबका यह कहना था कि अब हम एक साथ आ गए हैं तो भाजपा और नरेंद्र मोदी को हरा देंगे। राहुल गांधी ने इसका और विश्लेषण करते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन में जो पार्टियां शामिल हुई हैं वो देश के 60 फीसदी लोगों का प्रतिनिधित्व करती हैं। इसलिए विपक्षी गठबंधन जीत जाएगा।

यह देश के राजनीतिक परिदृश्य की अधूरी तस्वीर है और चुनाव की बेहद जटिल प्रक्रिया का सरलीकरण करना है। विपक्षी गठबंधन 60 फीसदी वोट का प्रतिनिधित्व नहीं करता है। यह सही बात है कि भाजपा और उसके सहयोगियों को 41 फीसदी के करीब वोट मिले हैं। लेकिन बाकी 60 फीसदी विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को नहीं मिले हैं। विपक्षी गठबंधन को भी 40 फीसदी के करीब ही वोट मिले हैं। बाकी 20 फीसदी वोट भाजपा के प्रति सद्भाव व समर्थन रखने वाली या तटस्थ रहने वाली पार्टियों को गए हैं या निर्दलीय उम्मीदवारों को गए हैं। विपक्ष का 40 फीसदी वोट भी तब बनता है, जब शिव सेना और जदयू का वोट जोड़ लेते हैं। ये दोनों पार्टियां पिछला चुनाव भाजपा के साथ तालमेल करके लड़ी थीं। अगर इन दोनों पार्टियों के वोट भाजपा के साथ जोड़ें तो उसका प्रतिशत 45 पहुंचता है और विपक्ष का 35 रह जाता है। सो, राहुल गांधी की ओर से उस 20 फीसदी वोट का दावा करने का कोई मतलब नहीं है, जिसका बड़ा हिस्सा बीजू जनता दल, वाईएसआर कांग्रेस, अन्ना डीएमके, बहुजन समाज पार्टी, तेलुगू देशम जैसी पार्टियों को गया। ये पार्टियां अब भी अलग चुनाव लड़ेंगी। पिछले चुनाव में अकेले सवा फीसदी वोट हासिल करने वाली के चंद्रशेखर राव की भारत राष्ट्र समिति भी अलग चुनाव लड़ रही है।

सो, आंकड़ों को अपने हिसाब से तोड़-मरोड़ कर पेश करने या भाजपा को हरा देंग, मोदी को हरा देंगे की बातें दोहराने से भाजपा नहीं हारने वाली है। दूसरी अहम सचाई, जो विपक्षी पार्टियों को स्वीकार करनी चाहिए वह ये है कि भाजपा के साथ आमने सामने का मुकाबला बनाने यानी वन ऑन वन का चुनाव बनाने का नैरेटिव भी तथ्यात्मक रूप से अधूरा है। अव्वल तो विपक्षी पार्टियां सिर्फ उन्हीं राज्यों में आमने सामने का चुनाव करा पाएंगी, जहां एनडीए और 'इंडिया' की पार्टियों के अलावा दूसरी पार्टियां नहीं हैं। जहां दोनों गठबंधनों के अलावा दूसरी पार्टियां हैं वहां आमने सामने का मुकाबला नहीं बनेगा। विपक्षी पार्टियां ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्यों सहित कई और राज्यों में आमने सामने का मुकाबला नहीं बना पाएंगी।

मोटे तौर पर लोकसभा की 543 सीटों में से



डेढ़ सौ सीटों पर आमने सामने का मुकाबला नहीं होगा। इन डेढ़ सौ सीटों में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की स्थिति शून्य वाली है। सो, इन सीटों में से कुछ खास नहीं हासिल होने वाला है। बची हुई चार सौ के करीब सीटों में से मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात जैसे बड़े और हरियाणा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश जैसे छोटे राज्य हैं, जहां भाजपा और कांग्रेस का सीधा मुकाबला होगा। वहां गठबंधन की पार्टियों का कोई मतलब नहीं है। इनमें से लगभग सभी राज्यों में भाजपा को अकेले 50 फीसदी या उससे ज्यादा वोट मिले हैं। इन राज्यों में लोकसभा की 110 सीटें हैं। इन सीटों को हटा दें तो 290 के करीब सीटें बचती हैं, जिन पर कांग्रेस और प्रादेशिक पार्टियां मिल कर आमने सामने का मुकाबला बनवाएंगी।

यह हकीकत है कि विपक्षी नेताओं की भाजपा को हराने की सदिच्छा तभी पूरी होगी, जब भाजपा का वोट कम होगा। अगर भाजपा अपना वोट बचाए रखने में कामयाब होती है तो विपक्ष कितना भी मजबूत गठबंधन बना ले वह भाजपा को नहीं हरा पाएगा। यह इसलिए होगा क्योंकि भाजपा का वोट एक निश्चित क्षेत्र में कंसोलिडेटेड है, जबकि विपक्ष का वोट पूरे देश में फैला है। दूसरे, जहां विपक्षी पार्टियां या उनका गठबंधन मजबूत है वहां भाजपा पहले से कमजोर है, जैसे तमिलनाडु, केरल। तीसरे, भाजपा जहां कमजोर हैं वहां ऐसी पार्टियां मजबूत हैं, जो विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का हिस्सा नहीं हैं, जैसे ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना। इन पांच राज्यों की 122 में से भाजपा के पास सिर्फ 12 सीटें हैं। सो, इन राज्यों के नतीजे किसी के पक्ष में जाएं भाजपा की वास्तविक संख्या पर असर नहीं होने वाला है। इन राज्यों में भाजपा का वोट प्रतिशत भी बहुत कम है।

इसलिए अगर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को अगले चुनाव में भाजपा को हराना है तो उसे यह देखना होगा कि वह कांग्रेस से सीधे मुकाबले वाले राज्यों- गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, असम, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भाजपा को कितना नुकसान पहुंचा सकती है। इसके अलावा बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब और दिल्ली में, जहां प्रादेशिक पार्टियां मजबूत हैं वहां भाजपा को कितना नुकसान पहुंचाया जा सकता है। भाजपा की ताकत इन्हीं 15 राज्यों से है। असली लड़ाई इन्हीं 15 राज्यों में होने वाली है। भाजपा को पता है कि इन राज्यों में उसे कैसे लड़ना है। उसका एजेंडा क्या है, नैरेटिव क्या है, प्रचार की रणनीति क्या है और चुनाव की जमीनी तैयारी क्या है। विपक्षी पार्टियों को इसे समझते हुए इन 15 राज्यों की अपनी रणनीति बनानी होगी।

तमाम बड़े राजनीतिक विश्लेषक बार बार कह रहे हैं कि विपक्षी पार्टियां आपसी मतभेद दूर करें और एकजुट होकर लड़ें तो भाजपा को हरा देंगे। इसी विश्लेषण से प्रभावित होकर विपक्षी नेताओं ने भी मुंबई में बार बार कहा कि पहले हम बिखरे हुए थे इसलिए हार गए और अब हम एकजुट हो गए हैं इसलिए जीत जाएंगे। असल में यह एक भ्रम है। भाजपा अकेले 37.36 फीसदी और सहयोगियों के साथ करीब 41 फीसदी वोट लेकर जीती है। वह विपक्ष के बिखरे होने की वजह से नहीं, बल्कि अपने वोट के दम पर जीती है। इसलिए विपक्षी पार्टियों के एकजुट हो जाने भर से वह नहीं हारेगी। वह हारेगी तभी जब उसका वोट कम होगा।

विपक्षी पार्टियों के नेताओं का दूसरा भ्रम भी मुंबई में उनके भाषण से जाहिर हुआ, जब उन्होंने कहा कि भाजपा को हराना है और लोकतंत्र व संघीय ढांचे को बचाना है। इस तरह की अमूर्त या सैद्धांतिक बातों से भाजपा का वोट नहीं कम होगा। भाजपा ऐसे अस्पष्ट एजेंडे के साथ चुनाव में नहीं उतरती है। उसका एजेंडा बहुत क्लीयर होता है। वह हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और नरेंद्र मोदी के वैश्विक मजबूत नेतृत्व के मुद्दे पर चुनाव लड़ने जाएगी। विपक्षी पार्टियों को इसका जवाब देने के लिए बहुत मेहनत इसलिए करनी होगी क्योंकि आज तक के इतिहास में कोई भी सरकार तभी हारी है, जब उसके खिलाफ महंगाई और भ्रष्टाचार का बड़ा मुद्दा बना हो और जनता आंदोलित हुई हो। महंगाई, भ्रष्टाचार और अडानी की तमाम चर्चा के बावजूद इन मुद्दों पर जनता आंदोलित नहीं दिख रही है। ऐसे सपाट राजनीतिक हालात में जातीय, सामाजिक समीकरण काम आ सकता है। जाति गणना, सामाजिक न्याय, आरक्षण आदि के नैरेटिव के जरिए विपक्ष इस दिशा में काम कर रहा है। भाजपा के खिलाफ लड़ाई में विपक्ष का एकजुट होना पूरी रणनीति का सिर्फ एक हिस्सा है। रणनीति तभी सफल होगी, जब विपक्ष के पास एजेंडा होगा और वह लोकप्रिय विमर्श को अपने हिसाब से सेट करके भाजपा को उस पर लड़ने के लिए मजबूर करेगी। अगर चुनाव भाजपा के तय किए एजेंडे पर हुआ तो विपक्ष के लिए मुश्किल होगी।

**-अजीत द्विवेदी-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# आर क्लब बार में कोरिया पुलिस की 5 घंटे चली रेड,लगभग साढ़े चार लाख की शराब हुई जप्त

**मध्यप्रदेश की शराब मिली क्लब बार में,संचालक के पास नहीं था कोई दस्तावेज**

» एक साल बाद कोरिया पुलिस अधीक्षक ने दिखाया दम, उनकी कार्यवाही ने पूरे जिले को डाला अचंभे में...

» कोरिया पुलिस अधीक्षक की कार्यवाही लोगों के उम्मीद से काफी अलग दिखा...

» कार्यवाही से भले ही कोरिया पुलिस अभी संदेह के घेरे में है, लेकिन कार्यवाही होना ही बड़ी बात है...

» पूरी दबिश में कोरिया पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल का उपस्थित होना ही बड़ी बात...

» अंदर खाने की मानें तो पुलिस विभाग के कार्यवाही की जानकारी देने वाले एक प्रधान आरक्षक भी नहीं बता पाए कार्यवाही की जानकारी बार संचालक को...

» पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने कार्यवाही करके मनवाया पुलिस विभाग का लोहा...

» पुलिस अधीक्षक कोरिया ने पहली बार दिखाई अपनी ताकत,निजी क्लब बार संचालक पर की कार्यवाही

» शाम 7 बजे से देर रात 12 बजे तक शहर के गंगा श्री होटल के बगल में डंटा रहा पुलिस बल

» आबकारी विभाग भी संयुक्त जिले के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ डटा रहा

» क्लब बार संचालक राकेश श्रीवास्तव पर आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्यवाही,तय मात्रा से अधिक मिली क्लब बार में शराब

» क्लब बार में भारी मात्रा में मिली थी शराब,अंत समय में दबाव वश कार्यवाही सीमित की गईःसूत्र

» प्रधान आरक्षक ने भी निभाई है भूमिका,भूमिका में उन्हे रखा गया अलग,बनाया गया अनजानःसूत्र

- अंजनी सिंह-
बैकुण्ठपुर/अम्बिकापुर,07 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)

लंबे समय के बाद किसी पुलिस अधीक्षक ने ऐसी कार्यवाही करने की हिम्मत जुटा पाई, जिसे लेकर पूरे क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल की वाह वाही हो रही है, पुलिस अधीक्षक कोरिया त्रिलोक बंसल की उपस्थिति वाली 5 घंटे की रेड ने पूरे शहर में खलबली मचा दी। रेड भी कोई आम रेड नहीं थी पूरी फिल्मी दिखाई दी रेड, अचानक शाम को 7:00 बजे बार क्षेत्र गंगा श्री होटल के बगल में पहुंचे पुलिस बल आबकारी अधिकारी कर्मचारी और उस जगह के सारे गेटों को घेर दिया उसके बाद फिर 5 घंटे तक चलती रही तलाशी भले ही आने-जाने की किसी को अनुमति नहीं थी और अंदर खाने में हो सकता है कि पुलिस ने सहयोग भी किया हो पर सहयोग के बीच उन्होंने कार्यवाही की मात्रा भले ही छोटी दिखाई पर कार्यवाही की सराहना जमकर हो रही है, क्योंकि वहां पर कार्यवाही करना ही बड़ी बात है। कार्यवाही भी हुई तो गंगा श्री होटल के बगल में स्थित आर क्लब बार में भले ही संचालक का नाम राकेश श्रीवास्तव बताया जा रहा है पर इसकी अंदर की कहानी किसी से छुपी नहीं है। बहरहाल कार्यवाही को अच्छा माना जा रहा है और कहीं ना कहीं कोरिया जिले के पुलिस इतिहास में यह कार्यवाही सुनहरे पन्नों में दर्ज हो गई है, और साथ ही पुलिस अधीक्षक का भी नाम हमेशा इस कार्यवाही को लेकर याद रखा जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय निर्वाचन आयोग के अधिकारी के फटकार व सख्त चेतावनी के बाद जिले में कोरिया पुलिस एवं आबकारी विभाग की कार्यवाही में कसावट लाने के उद्देश्य से वरिष्ठ अधिकारियों को लगातार दिशा निर्देश दिया जा रहा है, जिसके परिपालन में जिला कोरिया पुलिस एवं आबकारी की संयुक्त टीम के द्वारा जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर में स्थित गंगा श्री होटल परिसर के बगल में स्तिथ आर क्लब बार में कोरिया पुलिस एवं आबकारी की संयुक्त टीम की उपस्थिति में जांच कर कार्यवाही की गई। जहां अन्य राज्य मप्र से अंग्रेजी शराब आठ लीटर एवं लाईसेंस की मात्रा से अधिक अंग्रेजी शराब मेक्डावल 40 पेटी एवं आईबी 06 पेटी कुल किमती लगभग 452,000 रू की अवैध रूप से अंग्रेजी शराब रखे हुये पाये जाने पर आर क्लब बार संचालक राकेश श्रीवास्तव के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।


प्रेस विज्ञप्ती
आगामी चुनाव के मद्देनजर कोरिया पुलिस एवं आबकारी की संयुक्त टीम के द्वारा आर क्लब बार पर जांच कार्यवाही कि गयी।

आगामी चुनाव को ध्यान मे रखते हुए कोरिया पुलिस एवं आबकारी की कार्यवाही मे कसावट लाने के उद्देश्य से वरिष्ठ अधिकारियों को लगातार दिशा निर्देश दिया जा रहा है जिसके परिपालन मे आज जिला कोरिया पुलिस एवं आबकारी की संयुक्त टीम के द्वारा बैकुण्ठपुर मे स्थित R CLUB बार मे कोरिया पुलिस एवं आबकारी की संयुक्त टीम की उपस्थिति मे जांच कार्यवाही की गई। जहा दिगर राज्य म0प्र0 से अंग्रेजी शराब 08 लीटर एवं लाईसेंस की मात्रा से अधिक अंग्रेजी शराब मेक्डावल 40 पेटी एवं आईबी 06 पेटी कुल किमती लगभग 4,52,000 रू की अवैध रूप से अंग्रेजी शराब रखे हुये पाये जाने पर R CLUB बार संचालक राकेश श्रीवास्तव के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।












## कोरिया में कोई जिला पुलिस कप्तान पहली बार एक्शन मोड में नजर आया...

कोरिया जिला पुलिस कप्तान पहली बार एक्शन मोड में नजर आया उन्होंने शहर के बीचों बीच एक बड़ी कार्यवाही की और जिसमे जिस कार्यवाही के दौरान वह स्वयं मौजूद रहे जो बुधवार शाम 7 बजे से देर रात 12 बजे तक जारी रही और जिसमे 452000 की अवैध शराब जो मध्यप्रदेश की पाई गई पकड़ी गई। कार्यवाही में जिला आबकारी विभाग मौजूद रहा उसका अमला भी मौजूद रहा जिसने पूरी कार्यवाही के दौरान अवैध शराब की पहचान की और आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामला जिला मुख्यालय के हृदय स्थल साथ ही प्रतिष्ठित होटल गंगा श्री के बगल में संचालित क्लब बार का है जिसके संचालक राकेश श्रीवास्तव पर यह कार्यवाही की गई है। पुलिस अधीक्षक पूरी कार्यवाही के दौरान खुद मौजूद रहे और उन्होंने छावनी में पूरे क्षेत्र को तब्दील कर दिया था जो आज आम चर्चा का भी विषय है और अब शहर के लोगों का एक ही विचार सामने आ रहा है की वर्तमान पुलिस अधीक्षक ने जो हिम्मत दिखाई जो कार्यवाही की वह काबिले तारीफ है और अब जिले में अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचेगा और सभी अब डर के साए में रहेगें क्योंकि कार्यवाही जिस स्तर और जिस जगह हुई है आज तक वहां जाने की किसी कार्यवाही करने की किसी पुलिस अधीक्षक ने हिम्मत नहीं की थी और उन्होंने वह कर दिखाया,बताया जा रहा है

## लंबे समय से चल रहे अवैध शराब कारोबार में पहली सफलता

मिली जानकारी अनुसार मनेन्द्रगढ़ व कोरिया जिला में मध्यप्रदेश से शराब लाकर खपाये जाने की सूचना मुखबीर से मिली थी जहां एमसीबी जिले के खड़गवां थाने में भारी मात्रा में मध्यप्रदेश की शराब पुलिस के द्वारा पकड़ा गया वही इसके तार कोरिया जिले से जुड़े होने के संकेत पुलिस व आबकारी विभाग को मुखबीर से मिली जिस आधार पर कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के होटल गंगाश्री के परिसर में स्थित आर क्लब बार पर पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने दबिश दी है। जो कि दो से तीन घंटे तक चली। पुलिस को मध्य प्रदेश से शराब लाकर होटल में खपाने की सूचना मिली थी। इसके आधार पर एसपी त्रिलोक बंसल के नेतृत्व में पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने बीती रात होटल में दबिश दी। गंगाश्री होटल परिसर के बगल में आर क्लब नाम से बार का संचालन किया जाता है। पुलिस ने देर रात वहां छापा मार कर मध्यप्रदेश की अवैध शराब बरामद की। पुलिस अफसरों ने बताया कि लायसेंस की मात्रा से 46 पेटी अधिक अवैध शराब जब्त की गई है। जब्त शराब की कीमत लगभग 4 लाख 52 हजार रुपये बताई जा रही है। आर क्लब बार के संचालक के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। सूत्रों के अनुसार क्लब में लंबे समय से मध्य प्रदेश से शराब लाकर यहां बेची जा रही थी।

## प्रेस विज्ञप्ति बना चर्चा का विषय

वहीं इस मामले में कोरिया पुलिस ने रात्रि में ही प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सोशल मीडिया में जानकारी दी वहीं इस मामले को लेकर पुलिस के द्वारा खबर लिखे जाने तक प्रेस कांफ्रेंस नही किया गया वहीं अधिकारी इस मामले में कुछ भी कहने से बचते नजर आये जब कि छोटे छोटे मामले में प्रेस कांफ्रेंस किया जाता हैं जिसे लेकर जिले में पुलिस की कार्यवाही को लेकर जिले में यह चर्चा का विषय बना रहा वही आबकारी विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने भी इस सम्बंध में मीडिया से दूरी बनाये रखा जब कि ग्रामो में महुआ शराब पकड़ने पर मीडिया में हमेशा चर्चित रहते हैं।

## छोटी विज्ञप्ति का बड़ा धमाका

छोटी सी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कोरिया पुलिस ने यह बता दिया की वह आम हो या खास सभी के लिए एक जैसा नियम रखती है,विज्ञप्ति में भले ही कार्यवाही की जानकारी दी गई है कार्यवाही को भले ही लोग छोटा बता रहें हैं लेकिन जहां कार्यवाही की गई है वहां आज तक कोई पुलिस अधिक्षक नहीं पहुंचा था यह सभी जानते हैं। पुलिस अधीक्षक ने साबित किया की वह अब अवैध कारोबार मामले में शांत नहीं बैठने वाले वह आगे भी कार्यवाही करते रहेंगे यह उन्होंने जता दिया।

## क्या बार संचालक को प्रधान आरक्षक कार्यवाही की जानकारी नहीं दे पाए ?

वैसे तो सूत्रों का कहना है की क्लब बार पर कार्यवाही कई दिनों से तय की जा रही थी इसके लिए बकायदा पुलिस यह अंदाजा लगा रही थी की कब कैसे और किस समय कार्यवाही की जानी है और इसके लिए वह बार के आसपास निगरानी भी करवा रही थी,यह निगरानी कुछ ऐसे पुलिसकर्मी कर रहे थे जिनका बार संचालक से भी अच्छा मधुर संबंध था,वैसे मामले में यह भी विचारणीय है की एक प्रधान आरक्षक जो खास थे संचालक के वह क्या इस पूरी कार्यवाही से अनभिज्ञ थे क्या उन्हे भी पुलिस अधीक्षक ने विश्वास में नहीं लिया,वैसे सूत्रों की माने।

## तलाशी तो पूरे क्षेत्र की हुई पर विज्ञप्ति में नाम सिर्फ आर क्लब बार का

जैसा की सूत्रों का दावा है पुलिस ने पूरे परिसर की तलाशी ली और संचालकों को एक जगह चुप चाप बैठे रहने का निर्देश दिया, पूरे परिसर जो की काफी बड़ा है में कितनी मात्रा में शराब पकड़ी गई कितना जब्ती दिखाया गया यह सवाल भी उठ रहा है वहीं सूत्रों का यह भी कहना है की कार्यवाही में झोलझाल भी किया गया और केवल क्लब बार का नाम आगे किया गया बाकी पूरे परिसर को मामले से दूर कर दिया गया।

## पुलिस की कार्यवाही देखने वालों की भीड़ रात के 12 तक जुटी रही

बताया जा रहा है की जहां पुलिस ने दबिश दी वह जगह और वह परिसर काफी दबंग माने जाने वाले व्यक्ति का था जहां जाने की हिम्मत आज तक किसी पुलिस अधिकारी ने नहीं की थी,वहां जब बुधवार को पुलिस अधिक्षक ने खुद दबिश दी तब शहर के लोगों को भी काफी आश्चर्य में देखा गया और बताया जाता है लोग पूरे समय तक परिसर के आस पास जमे रहे,लोग देर रात तक उत्सुकता में वहीं जमे रहे और कार्यवाही पर दूर से ही नजर उन्होंने बनाए रखा।

## फिल्मी अंदाज में हुई कार्यवाही

पूरी कार्यवाही फिल्मी अंदाज में हुई,मामले में संचालक के ऊपर कई दिनों से नजर बनाए रखने पुलिसकर्मी नियुक्त थे और वह परिसर की एक एक गतिविधि पर नजर बनाए हुए थे,समय भी ऐसा चुना गया जब परिसर के आसपास लोग पहुंचते हैं और उसी समय पुलिस दल बल के साथ कप्तान के साथ पहुंच गई। कार्यवाही में उन्हें शामिल उस समय नहीं किया गया जो निगरानी में नियुक्त थे। सूत्रों के अनुसार एक एक गोपनीय बात जानकर पुलिस ने दबिश दी और कार्यवाही संभव हुई।

# शुभम देव के CGPSC में द्वितीय रैंक व डॉ. ममता तिवारी के 11वां रैंक आने पर आने से सरगुजा का बढ़ा मान

### अमन सिंह 9 वां,ऋचा बसंल ने 10 वां,श्रवण बंसल ने 18 वां व डॉ. ममता ने लाया 11 वां रैंक

- संवाददाता -
अंबिकापुर,07 सितम्बर 2023

(घटती-घटना)। छत्तीसगढ़ पीएससी द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में अंबिकापुर के अभ्यर्थियों को सफलता मिली है। जिसमें शुभम देव ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है है। उनके बड़े भाई राहुल देव 2016 बैच के आईएएस और भाभी भावना गुप्ता आईपीएस अधिकारी हैं। वहीं शहर के ऋचा बंसल ने 10 वां व श्रवण बंसल 18 वां रैंक हांसिल किया है। ये दोनों भाई बहन हैं। वहीं पीएचई विभाग में एसडीओ के पद पर पदस्थ अशोक सिंह का पुत्र अमन सिंह ने 9 वां रैंक हांसिल किया है। इसके



अलावा बुजुर्ग सास-ससुर की सेवा,बच्चे की देखभाल के साथ होमियोपैथी मेडिकल आफिसर की शासकीय जिम्मेदारी संभालते हुए डॉ. ममता तिवारी ने 11 वां रैंक हासिंल किया है। यह सभी अभ्यर्थियों ने जिले सहित परिवार का नाम रोशन किया है। इनके चयन से परिवार में खुशी की लहर है। सीजी पीएससी 2022 की परीक्षा परिणाम में अंबिकापुर निवासी शुभम गुप्ता ने मेरिट लिस्ट में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। शुभम मुंगेली कलेक्टर राहुल देव के छोटे भाई हैं। शुभम की भाभी भावना गुप्ता आइपीएस हैं और बेमेतरा की एसपी हैं। आईआईटी कानपुर से बीटेक शुभभ गुप्ता ने चार बार यूपीएससी की परीक्षा भी क्वालीफाई की है। यूपीएससी 2021 में वे यूपीएससी के इंटरव्यू तक पहुंच गए थे। वर्ष 2023 यूपीएससी में उन्होंने प्री क्वालीफाई कर लिया है और मेंस की तैयारी कर रहे हैं। सीजी पीएससी में में टॉपर बनने के लिए शुभम ने मात्र पांच से छह माह की तैयारी की थी। उन्होंने बताया कि यूपीएससी के एग्जाम के बाद थोड़ा टाइम था, तो थोड़ी तैयारी की पीएससी की परीक्षा दी और अच्छा रैंक मिल गया।

शुभम ने कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। लगातार प्रयास व नाकामी से सीखते हुए सफलता तक पहुंचा जा सकता है। प्रयास में समर्पण और निष्ठा बेहद जरूरी है। आपको अपने लक्ष्य का पीछा करना होता है और कामयाबी उसी के बूते ही मिल पाती है। शुभम न तो फेसबुक पर हैं और ना ही व्हाट्सएप ही चलाते हैं। फोन का उपयोग वे सिर्फ बात करने के लिए करते हैं।शुभम अपने बड़े भाई राहुल देव व भाभी भावना गुप्ता से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि उनसे टिप्स भी मिलती है। शुभम के पिता देवकुमार गुप्ता सरगुजा के लुंड्रा में बीईओ एवं माता आशा गुप्ता शिक्षिका हैं। दोनों भाइयों को पढने की प्रेरणा अपने माता-पिता से ही मिली। दोनों की प्राथमिक एवं हायर सेकेंडरी की शिक्षा अंबिकापुर से ही हुई। वे मेधावी छात्र रहे हैं। सीजी पीएससी के घोषित परीक्षा परिणाम में अंबिकापुर के अग्रसेन वार्ड के निवासी भाई-बहन ने एक साथ बाजी मारी है। ऋचा बसंल ने 10 वां रैंक एवं भाई श्रवण बंसल ने 18 वां रैंक हासिल किया है। इस सफलता से पूरे परिवार में हर्ष का माहौल है। ऋचा बसंल ने कहा कि वे पिछले तीन से चार साल से सीजीपीएससी की तैयारी कर रही हैं। एक बार पहले भी वे पीएससी क्वालीफाई कर चुकी हैं, लेकिन अच्छा रैंक नहीं मिला था तो इंटरव्यू तक नहीं पहुंची। पिछली असफलता से सबक लिया और लगातार प्रयास करती रही। पिछली गलतियों को सुधारा और फिर यह सफलता मिली। श्रवण बंसल ने बहाया कि कॉलेज के बाद तैयारी शुरू किया था। पूर्व में 108 रैंक आए थे। जिसमें कोऑपरेटिव इंस्पेक्टर का पोस्ट मिला था। वर्ष 2022 की सीजीपीएसी परीक्षा परिणा में में 18वां रैंक आया है। सहायक कमिश्नर जीएसपी का पोस्ट मिल सकता है। ये दोनों भाई बहर अपनी सफलहा का श्रय अपने माता-पिता को दिया है। अंबिकापुर के अमन सिंह ने सीजीपीएससी में 9 वां रैक हासिल किया है। अमन सिंह ने बताया कि उन्हें एक्साईज ऑफिसर की पोस्ट मिलने की संभावना है। अमन सिंह बिलासपुर में रहकर सीजी पीएससी की तैयारी कर रहे थे। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार को दिया है। इनके पिता अशोक इक्षसह पीएचई विभाग अंबिकापुर में एसडीओ के पद पर कार्यरत हैं। इनके माता पुष्पा सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि मुझे पूरा विश्वास था कि एक दिन सफलता जरूरी मिलेगी। यह शुरू से पढ़ाई में बहुत ही अच्छा है।

## डॉ. ममता तिवारी को छठवीं बार मिली सफलता

बुजुर्ग सास-ससुर की सेवा, बच्चे की देखभाल के साथ होमियोपैथी मेडिकल आफिसर की शासकीय जिम्मेदारी संभालते हुए डॉ ममता तिवारी ने छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 11 वां रैंक हासिल किया है। इसके पहले भी उन्होंने पांच बार सीजीपीएससी रैंक किया है लेकिन मनचाहा पद नहीं मिलने के कारण उन्होंने पदभार ग्रहण नहीं किया था और प्रयास जारी रखा।

इस बार उन्हें डीएसपी का पद आसानी से मिल सकता था लेकिन उन्होंने इसके लिए आवेदन ही नहीं किया। डॉ. ममता तिवारी का चयन राज्य वित्त सेवा अधिकारी के पद पर हुआ है। अंबिकापुर के होमियोपैथी चिकित्सक डॉ. धीरेंद्र तिवारी की धर्मपत्नी हैं। ये पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए सीजीपीएससी में लगातार छठवीं बार सफलता हासिल की है।

# शादी का झांसा देकर शिक्षिका से बलात्कार करने वाला सहायक जनसूचना अधिकारी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,07 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

शिक्षिका से बलात्कार के मामले में गांधीनगर पुलिस ने एमसीबी जिले के जनसंपर्क विभाग के सहायक जन सूचना अधिकारी को गिरफ्तार किया है। ये शादी सुदा होने के बावजूद भी अपने आप को कुंआरा बताकर शिक्षिका से दोस्ती कर शादी करने का झांसा देकर वर्ष 2017 से बलात्कार करता था। शादी करने से इंकार करने पर पीड़िता ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई थी। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।



जानकारी के अनुसार सूखसागर सिंह एमसीबी जिले के जनसंपर्क विभाग के सहायक जन सूचना अधिकारी के पद पर कार्यरत है। वह पूर्व में अंबिकापुर में जनसंपर्क विभाग में कार्यरत था। इस दौरान वर्ष 2017 में इसकी पहचान एक शिक्षिका से हुई। सूखसागर पूर्व से शादी सुदा है इसके बावजूद भी अपने आप को शिक्षिका से कुंआरा बताकर उससे शादी करने का सांझा दिया था। इस दौरान वह कई बार शिक्षिका से बलात्कार की घटना को अंजाम दिया। शिक्षिका जब शादी करने के लिए उसपर दबाव डाला तो वह शादी करने से इंकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने मामले की रिपोर्ट 2 सितंबर को गांधीनगर थाने में दर्ज कराई थी। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को एमसीबी जिले से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376, 2 (ढ़) के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव,दही लूट का हुआ आयोजन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,07 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

सरस्वती शिशु मंदिर में धूमधाम से कृष्ण जन्माष्टमी मनाया गया। भगवान कृष्ण की आरती से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बच्चों ने नृत्य नाटिका के माध्यम से कृष्ण जन्म की मंचन कर अभिभावकों का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा सुंदर भजन भी प्रस्तुत किए गए। बड़े बच्चों और छोटे बच्चों के माध्यम से दही लूट का भी कार्यक्रम रखा गया। सुंदर राधा-कृष्ण की वेशभूषा में अपने भावों को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। भावो को व्यक्त करते हुए अभिभावकों को खूब आनंदित किया। पूरे कार्यक्रम में



नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी, कृष्ण की जयकारा की उद्घोषणा से भक्तिमय वातावरण देखते ही बन रहा था। उक्त कार्यक्रम में बच्चों ने आनंद से जन्मोत्सव मनाया। कार्यक्रम में विद्यालय की सह व्यवस्थापिका प्रतिमा त्रिपाठी, एकल अभियान प्रमुख अंजू अग्रवाल, शीला छाजेड़, मामोल कोचेटा उपस्थित हुए। प्राचार्य मीरा साहू प्रधानाचार्य सुप्रिया सिंह के मार्गदर्शन आचार्य दीदी के सहयोग से सफलतापूर्वक मनाया गया। अभिभावकों की संख्या और बच्चों के उत्साह वर्धन में वातावरण भक्ति भाव से भर गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान अंजू अग्रवाल ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर संस्कारों को पोषित करने वाली और बच्चों में संस्कार हस्तांतरण करने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्रतिमा त्रिपाठी ने भी सभी को कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देती हुई इस तरह के कार्यक्रम करने के लिए विद्यालय परिवार को बधाई दी।

# आदतन गांजा तस्कर के घर से गांजा हुआ बरामद,आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
लखनपुर,07 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा के निर्देशन पर अवैध कारोबार करने वाले पर लखनपुर पुलिस कार्यवाही में जुटी है।

इसी बीच लखनपुर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ को लेकर एक बड़ी कार्रवाई की है मुखबिर से सूचना मिलने उपरांत लखनपुर पुलिस छापा मार कार्रवाई करते हुए लगभग 2.किलो 411 ग्राम गांजे के साथ आरोपी राज नारायण जायसवाल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है।

वही दिन बुधवार की शाम लगभग 6:25 बजे पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि लखनपुर सेंट्रल बैंक के पीछे रामनारायण जायसवाल अपने घर में अवैध मादक पदार्थ गांजा रख बिक्री कर रहा है जिससे सरगुजा पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशानुसार पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अखिलेश कौशिक के मार्गदर्शन में लखनपुर पुलिस के द्वारा घेराबंदी करते हुए सेंट्रल बैंक के पीछे घर में छापा मार कार्रवाई करते हुए 2 किलो 411 ग्राम गांजा जप्त कर राज नारायण जायसवाल को गिरफ्तार किया गया है। अपराध क्रमांक 173/2023 धारा 20क्ष एनडीपीएस एक्ट के तहत न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। संपूर्ण कार्यवाही में प्रशिक्षु आईपीएस चिराग जैन, सहायक उप निरीक्षक अरुण गुप्ता, डेविड मिंज, प्रधान आरक्षक नरेंद्र जांगड़े,आरक्षक देवेंद्र सिंह, वन्दे केरकेट्टा,राजेंद्र सिंह जानकी प्रसाद राजवाड़े सक्रिय रहे। गौर तलब है कि पूर्व में भी पुलिस के द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा और शराब बिक्री को लेकर आरोपी राजनारायण जायसवाल को जेल भेजा गया है।

वही आदतन गांजा और अंग्रेजी शराब का अवैध कारोबार करने वाले आरोपी राजनारायण जयसवाल के द्वारा लखनपुर थाना सहित अंबिकापुर व अन्य प्रदेशों में भी कई में मामले दर्ज हैं इसके द्वारा अवैध गांजे का कारोबार का मुख्य सरगना बताया जाता है जिसके द्वारा आसपास के ग्रामीण अंचलों में भी गंजे की सप्लाई करने की भी बात आती रहती है वही अंग्रेजी शराब मध्य प्रदेश से लाकर छत्तीसगढ़ में खपाने की भी बात कई बार आ चुकी है और पुलिस के द्वारा कई बार रंगे हाथ पकड़ कर कार्रवाई भी की गई है।

CMYK

# श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया ने यूके चैनल के आरोपों को किया खारिज,बोले-ये दावे बेतुके

**कोलंबो,07 सितम्बर 2023 ।** श्रीलंका में 2019 के सिलसिलेवार धमाकों को लेकर एक ब्रिटिश चैनल ने श्रीलंका के अपदस्थ राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे पर कई आरोप लगाए थे। वहीं, अब राजपक्षे ने गुरुवार को चैनल के सभी दावों को खारिज कर दिया और उन्होंने रिपोर्ट को झूठ का पुलिंदा करार दिया।

श्रीलंका में 2019 के सिलसिलेवार धमाकों में करीब 270 लोगों की मौत हुई थी और सैकड़ों अन्य घायल हुए थे। ब्रिटेन के एक चैनल ने मंगलवार को 'श्रीलंका ईस्टर बॉम्बिंग्स- डिस्पैचिस' शीर्षक से एक डॉक्यूमेंट्री प्रसारित की थी जिसमें 2019 में ईस्टर पर हुए आत्मघाती बम धमाकों को अंजाम देने में कुछ सरकारी अधिकारियों की संलिप्तता और मिलीभगत का आरोप लगाया गया। डॉक्यूमेंट्री में दावा किया गया है कि हमला राजपक्षे बंधुओं के पक्ष में राजनीतिक माहौल बनाने के लिए सुनियोजित तरीके से किया गया।

गोटबाया राजपक्षे ने एक विस्तृत बयान में डॉक्यूमेंट्री को 'राजपक्षे विरोधी हमला' करार दिया और कहा कि इसका उद्देश्य 2005 के



बाद से उनकी विरासत को कलंकित करना है। उन्होंने कहा कि यह उसी चैनल द्वारा प्रसारित पिछले कार्यक्रमों की तरह झूठ का पुलिंदा है। उन्होंने कहा कि यह दावा करना बेतुका है कि इस्लामी चरमपंथियों के एक समूह ने उन्हें राष्ट्रपति बनाने के लिए आत्मघाती हमले किए।

डॉक्यूमेंट्री में दावा किया गया है कि राजपक्षे के वफादार मेजर जनरल सुरेश सैली ने मुस्लिम चरमपंथियों के साथ 2019 के हमलों की साजिश रची थी। इसका जवाब देते हुए गोटबाया ने कहा कि सैली एक सैन्य अधिकारी थे जिन्होंने कई राष्ट्रपतियों के अधीन काम किया है और सभी सैन्य अधिकारी देश के प्रति वफादार हैं न कि निजी व्यक्तियों के प्रति।

राजपक्षे ने दावा किया कि 2015 में रक्षा सचिव का पद छोड़ने के बाद और 2019 में राष्ट्रपति चुने जाने तक उनका सैली से कोई संपर्क नहीं था। उन्होंने कहा कि हमलों के वक्त तो देश में ही नहीं थे। राजपक्षे ने कहा कि इसलिए, फरवरी 2018 में मेजर जनरल सैली की आत्मघाती हमलावरों से मुलाकात की यह कहानी स्पष्ट रूप से मनगढ़ंत है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि 2015 से 2019 के बीच सरकार ने देश में इस्लामी उग्रवाद के उदय को नकार दिया था। राजपक्षे ने कहा कि ईस्टर बम धमाकों की जांच के लिए गठित राष्ट्रपति जांच आयोग ने स्पष्ट रूप से कहा है कि मुस्लिम चरमपंथ के उदय के संकेतों को 2015 से 2019 के दौरान सरकार द्वारा नकार दिया गया था।

राजपक्षे ने कहा कि जब उनका नाम हमलों से जुड़ा था तो उन्होंने जांच में एफबीआई/सीआईए की सहायता लेने का विकल्प चुना।

# यूनान में 'डेनियल' तूफान से 3 लोगों की मौत



**एथेंस,07 सितम्बर 2023।** यूनान में आए 'डेनियल' तूफान से तीन लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग लापता हो गये है। मौसम विज्ञानियों द्वारा 'डैनियल' करार दिए गए तूफान के कारण देश के पश्चिमी हिस्से में भारी बारिश हो रही है। इससे मध्य यूनान में व्यापक बाढ़ आ गई, जिससे लोगों को बस्तियां खाली करना पड़ा।उन्होंने बताया कि अग्निशामकों ने मध्य यूनान में क्रमशः वोलोस और लारिसा शहरों के पास एक 87 वर्षीय महिला और एक 82 वर्षीय पुरुष के शव बरामद किए।

वोलोस के पास भी एक चरवाहे की मौत हो गई। तीन लोगों के लापता होने की सूचना मिली थी।उन्होंने बताया कि तूफान के कारण सैकड़ों घर और व्यवसाय प्रभावित हुए हैं। किसानों और पशुपालकों ने नुकसान की सूचना दी है, जबकि एथेंस को उत्तर में थेसालोनिकी बंदरगाह शहर से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के कुछ हिस्सों में भी यातायात बाधित हो गया है।

नवीतम अपडेट के अनुसार पिछले 48 घंटों के दौरान दमकल विभाग को 2,421 टेलीफोन कॉल प्राप्त हुई है जिसमें मुख्य रूप से थिसली क्षेत्र में लोगों को निकालने, पानी निकालने और गिरे हुए पेड़ों को हटाने में मदद मांगी गई।राजधानी एथेंस में भी बुधवार को भारी बारिश हुई जिससे कुछ समय के लिए मुख्य मार्ग और सड़कें नदियों में बदल गई।अधिकारियों ने नागरिकों को अनावश्यक आवाजाही से बचने और सतर्क रहने के लिए कई अलर्ट जारी किए हैं। खराब मौसम की मार गुरुवार शाम तक सुधार होने की उम्मीद है।

# कार्यस्थल पर लापरवाही से ली एक की जान,भारतीय मूल के व्यक्ति को हुई जेल



**सिंगापुर,07 सितम्बर 2023 ।** सिंगापुर में एक भारतीय मूल के व्यक्ति को कार्यस्थल पर लापरवाही के आरोप में 18 सप्ताह जेल की सजा सुनाई है। बता दें कि भारतीय मूल के कर्मचारी की गलती से एक भयानक हादसा हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। सिंगापुर के जनशक्ति मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय ने गुरुवार को अगस्त महीने की एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें बताया कि एशियाबिल्ड कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करने वाले अलगप्पन गणेशन को 7 जुलाई 2022 की घटना के लिए 15 अगस्त को सजा सुनाई गई।

दरअसल 7 जुलाई 2022 को गणेशन एक कार पार्किंग में भारी समान उठाने वाली फोर्कलिफ्ट का संचालन कर रहा था। उसी कार पार्किंग में उसके सहयोगी कुंजप्पा मुकेश और एक अन्य केबल बिछाने का काम कर रहे थे। केबल के फोर्कलिफ्ट के नीचे आकर कुचलने से रोकने के लिए कुंजप्पा और उसके साथ काम कर रहे एक अन्य कर्मचारी ने केबल को फोर्कलिफ्ट के ऊपर से फेंककर दूसरी तरफ फेंकने की कोशिश की लेकिन केबल फोर्कलिफ्ट की छत पर अटक गया। इस पर कुंजप्पा ने फोर्कलिफ्ट की छत पर जाकर केबल हटाने की कोशिश की तो गणेशन ने लापवाही में मशीन को रिवर्स चलाना शुरू कर दिया, जिससे कुंजप्पा फोर्कलिफ्ट की छत और बीम में फंसकर बुरी तरह घायल हो गया। बाद में इलाज के दौरान कुंजप्पा की मौत हो गई। मंत्रालय ने बताया कि गणेशन को कार्यस्थल पर लापरवाही का दोषी पाया गया। जिसके चलते उसे सजा सुनाई गई।

# कैपिटल हिल के उपद्रवियों को माफ कर दूंगा, राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रामास्वामी ने न्यायपालिका को कोसा

**वॉशिंगटन,07 सितम्बर 2023।** अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार विवेक रामास्वामी की लोकप्रियता में लगातार इजाफा हो रहा है। अब विवेक रामास्वामी ने कहा है कि अगर वह 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में जीत जाते हैं तो वह 6 जनवरी 2021 को कैपिटल हिल में हुए शांतिपूर्ण प्रदर्शन के आरोपियों को माफ कर देंगे। विवेक रामास्वामी ने इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भी माफ करने की बात कही थी और कहा था कि ट्रंप के खिलाफ चल रहे मुकदमे राजनीति से प्रेरित हैं।

## न्याय व्यवस्था पर उठाए सवाल

विवेक रामास्वामी ने अमेरिका की न्याय व्यवस्था पर तीखा हमला बोला। रामास्वामी ने कहा कि अमेरिका में अब दो स्तरीय न्याय व्यवस्था है। जिसमें एंतिफा और बीएलएम के दंगाई खुले घूम रहे हैं, जबकि छह जनवरी को शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले लोगों को बिना जमानत जेल में डाल दिया गया है। बाइडन सरकार के अन्याय विभाग ने 1000 से अधिक शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है, जो हमारी न्याय व्यवस्था के आधारभूत सिद्धांतों पर काला धब्बा है। रामास्वामी ने



कहा कि इस देश को एकजुट करने के लिए बतौर राष्ट्रपति मैं उन सभी अमेरिकी नागरिकों को माफ कर दूंगा, जिन्हें राजनीतिक संघवाद के चलते निशाना बनाया गया और जिन्हें प्रक्रिया के खिलाफ जाकर प्रताड़ित किया गया। इनमें 6 जनवरी 2021 के सभी शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारी शामिल हैं, जिन्हें उनके संवैधानिक अधिकारों का इस्तेमाल करने की भी अनुमति नहीं दी गई।

क्या है 6 जनवरी 2021 का विवाद

बता दें कि अमेरिकी संसद और उसके आसपास के इलाके को कैपिटल हिल कहा जाता है। अमेरिका में 2020 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन नेता डोनाल्ड ट्रंप को डेमोक्रेट नेता जो बाइडन के सामने हार का सामना करना पड़ा था। ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने चुनाव नतीजों में धांधली का आरोप लगाते हुए अपने समर्थकों से एकजुट होने की अपील की। इसके बाद छह जनवरी 2021 को करीब दो हजार लोग कैपिटल हिल इलाके में एकजुट हुए और आरोप है कि ट्रंप के उकसावे वाले बयान के बाद भीड़ ने कैपिटल हिल पर हमला बोल दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी बैरिकेड तोड़कर अमेरिकी संसद में घुस गए। घटना के समय कई बड़े नेता और अधिकारी कैपिटल हिल में मौजूद थे। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने किसी तरह प्रदर्शनकारियों को कैपिटल हिल से बाहर निकाला।

## ट्रंप को भी माफ करने की बात कह चुके हैं

बता दें कि विवेक रामास्वामी इससे पहले अपने एक बयान में डोनाल्ड ट्रंप को भी माफ करने की बात कह चुके हैं। रामास्वामी ने कहा था कि अगर डोनाल्ड ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से उम्मीदवार बनते हैं तो मैं डोनाल्ड ट्रंप को वोट दूंगा लेकिन अगर मैं राष्ट्रपति बनता हूं तो मैं देश को एकजुट रखने के लिए ट्रंप को माफ कर दूंगा। विवेक रामास्वामी की लोकप्रियता में लगातार इजाफा देखा जा रहा है।

और यही वजह है कि रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के लिए डोनाल्ड ट्रंप के बाद सबसे ज्यादा 15 फीसदी समर्थन विवेक रामास्वामी को मिला है।

# लंदन की जेल से आतंकी फरार, यहीं बंद है हीरा व्यापारी नीरव मोदी; तलाशी अभियान जारी




**लंदन , 07 सितम्बर 2023 ।** लंदन की जेल से एक आतंकवादी के भागने का मामला सामने आया है। इसी जेल में हीरा व्यापारी नीरव मोदी भी तीन साल से अधिक समय से बंद है। वह धोखाधड़ी समेत कई आरोपों की वजह से भारत में वांछित है। इस बीच आतंकी के भाग जाने के बाद गुरुवार को ब्रिटेन के हवाई अड्डों और बंदरगाहों पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के उल्लंघन के आरोप में दक्षिण-पश्चिम लंदन की वंड्सवर्थ जेल में बंद विचाराधीन कैदी डेनियल अबेद खलीफ सामान पहुंचाने वाली वैन में छिपकर कथित तौर पर फरार हो गया। आरोपी ब्रिटिश सेना में सेवा भी दे चुका है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस की आतंकवाद निरोधक कमान ने फरार संदिग्ध का पता लगाने में मदद करने के लिए बुधवार को अपील जारी की।

आतंकवाद निरोधक कमान के प्रमुख कमांडर डोमिनिक मर्फी ने कहा कि हमारे अधिकारियों की एक टीम खलीफ का जल्द से जल्द पता लगाने की कोशिश कर रही है। उसे हिरासत में लेने के लिए बड़े स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जनता की मदद भी काफी अहम साबित होगी। यदि किसी को खलीफ दिखाई देता है या उसके बारे में किसी को कोई जानकारी हो तो वह पुलिस को कॉल कर सकता है। ऐसा अंदेशा है कि संदिग्ध अभी भी ब्रिटेन में है और वह दक्षिण-पश्चिम लंदन के किंग्स्टन क्षेत्र में हो सकता है।

# 'दक्षिण चीन सागर के लिए आचार संहिता प्रभावी हो', चीन की घुसपैठ पर पीएम मोदी का हमला

**जकार्ता,07 सितम्बर 2023।** दक्षिण चीन सागर में चीन लगातार अपनी घुसपैठ बना रहा है। ऐसे में, पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सभी देशों से अपनी सम्प्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को मजबूत करने के लिए संयुक्त प्रयास करने को कहा। साथ ही उन्होंने कहा कि दक्षिण चीन सागर के लिए आचार संहिता प्रभावी होना चाहिए और यह संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि (यूएनसीएलओएस) के अनुरूप होनी चाहिए।



मलेशिया, वियतनाम और फिलीपीन दे चुके हैं तीखी टिप्पणी

पीएम मोदी की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कुछ दिन पहले मलेशिया, वियतनाम और फिलीपीन जैसे आसियान के कई सदस्य देशों ने 'चीन के मानक मानचित्र' के नवीनतम संस्करण में दक्षिण चीन सागर पर बीजिंग के क्षेत्रीय दावे पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी।

पिछले माह किया था नक्शा जारी

गौरतलब है, बीजिंग ने 28 अगस्त को 'चीन के मानक मानचित्र' का 2023 संस्करण जारी किया था, जिसमें ताइवान, दक्षिण चीन सागर, अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चीन को चीनी क्षेत्रों के रूप में शामिल किया गया है। भारत ने 'मानचित्र' को खारिज कर दिया है और इसे लेकर चीन के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

बेरोकटोक वैध व्यापार हो- मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा कि क्षेत्र के सभी देशों की हिंद-प्रशांत में शांति, सुरक्षा और समृद्धि में रुचि है। उन्होंने कहा कि समय की मांग एक ऐसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र की है, जहां यूएनसीएलओएस सहित अंतरराष्ट्रीय कानून सभी देशों पर समान रूप से लागू हो। जहां नौपरिवहन और ऊपर से उड़ान की स्वतंत्रता हो और जहां सभी के लाभ के लिए बेरोकटोक वैध व्यापार हो। उन्होंने कहा कि भारत का मानना है कि दक्षिण चीन सागर के लिए आचार संहिता प्रभावी होनी चाहिए, यूएनसीएलओएस के अनुरूप होना चाहिए और इसमें उन देशों के हितों को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए जो चर्चा का हिस्सा नहीं हैं। पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन सुरक्षा और रक्षा से संबंधित मुद्दों से निपटने के लिए एशिया-प्रशांत क्षेत्र में प्रमुख मंच है। वर्ष 2005 में अपनी स्थापना के बाद से, इसने पूर्वी एशिया के रणनीतिक, भू-राजनीतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आसियान के सदस्य देशों के अलावा, पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भारत, चीन, जापान, कोरिया गणराज्य, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस शामिल हैं।

# भारत के अधिक सिख-हिंदू तीर्थयात्रियों को लुभाने का प्रयास कर रहा पाकिस्तान,सरकार कर रही प्रयास

**लाहौर,07 सितम्बर 2023।** पाकिस्तान के कार्यवाहक धार्मिक मामलों के मंत्री अनीक अहमद ने गुरुवार को भारत के अधिक सिख-हिंदू तीर्थयात्रियों को लुभाने की बात कही। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में तनाव के कारण हाल के वर्षों में तीर्थयात्रियों की संख्या कम हो गई है। साथ ही बोले कि पाकिस्तान ने भारत से सिख और हिंदू तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

देश में अल्पसंख्यकों के पवित्र स्थानों की देखभाल करने वाले इवेक्यू प्रॉपर्टी ट्रस्ट बोर्ड (ईपीटीबी) के दौरे के दौरान अहमद ने कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच एक समझौते के तहत भारत से कम से कम 7,500 सिख और 1,000 हिंदू तीर्थयात्री हर साल पाकिस्तान की यात्रा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि पिछले कई वर्षों के दौरान भारतीय तीर्थयात्रियों की संख्या सहमति से कम है, इसलिए हमने भारत से तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ाने के प्रयास शुरू किए हैं।



पाकिस्तान में दो प्रमुख कार्यक्रम मनाए जाते हैं- बाबा गुरु नानक की जयंती और वैसाखी मेला जिसमें पिछले साल लगभग 5,000 भारतीय सिखों ने भाग लिया था। इसी तरह, पिछले साल हयात पिताफी सिंध प्रांत और पंजाब प्रांत के चकवाल में कटास राज मंदिरों में शिव अवतारी सतगुरु संत सवामी शदाराम साहिब की जयंती मनाने के लिए 300 से भी कम भारतीय हिंदू पिछले साल पाकिस्तान गए थे।

इस्लामाबाद और नई दिल्ली के बीच द्विपक्षीय संबंध अगस्त 2019 से तनावपूर्ण हैं जब भारत ने जम्मू और कश्मीर की विशेष स्थिति को बदल दिया था। हालांकि पाकिस्तान के साथ भारत के संबंधों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक सीमा पार आतंकवाद की नीति खत्म नहीं की जाती तब तक भारत के लिए पड़ोसी देश के साथ सामान्य संबंध रखना संभव नहीं है।

पाकिस्तान के कार्यवाहक मंत्री अहमद ने कहा कि ईटीपीबी ने पिछले साल देश में गैर-मुस्लिम छात्रों को एक करोड़ पाकिस्तानी रुपये की छात्रवृत्ति की पेशकश की थी। साथ ही कहा कि पाकिस्तान की नरम छवि को बढ़ावा देने के लिए धार्मिक पर्यटन को बढ़ाने के लिए बहुत काम किया जाना है।

# कोविड-19 के इलाज के दौरान बदल गया बच्चे के आंखों का रंग, डॉक्टरों ने बताई ये वजह

**बैंकॉक , 07 सितम्बर 2023 ।** कोविड-19 के इलाज के दौरान एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जिसमे मेडिकल साइड इफेक्ट के कारण बच्चे के आंखों का रंग ही बदल गया। दरअसल, यह घटना थाईलैंड की है, जहां एक छह महीने बच्चे को एक दिन बुखार और खांसी के बाद उसमें कोविड के लक्षण मिले। इसके बाद बच्चे को तीन दिन के लिए फेविपिराविर



दवाई दिया गया, जिससे बच्चे के स्वास्थ्य में सुधार आया।

हालांकि, इलाज के 18 घंटे बाद बच्चे की मां ने देखा कि उसके बच्चे की आंखो का रंग बदल गया। बच्चे के आंखों का रंग हल्का भूरा था जो इलाज के बाद नीले रंग में बदल गया। इसे देखते हुए डॉक्टर ने इलाज रोक दिया और फेविपिराविर को पांच दिन तक बंद करने के बाद बच्चे के आंखो का रंग फिर से अपने मूल रूप में आ गया। बाल रोग विशेषज्ञों ने फेविपिराविर के कारण आंखों के रंग में हुए बदलाव के बाद थेरेपी बंद करने की सलाह दी। इसके बंद करने के पांच दिन बाद कॉर्निया अपने मूल रूप में आ गया। साल 2021 में भारत में भी एक ऐसी घटना सामने आई थी, जहां फेविपिराविर के कारण 20 वर्षीय एक व्यक्ति की गहरे भूरे रंग की आंखें चमकीली नीले रंग में बदल गई थी।

# पीटीआई नेताओं को हिरासत में लेना पड़ा भारी,पाक अदालत ने चार अधिकारियों के खिलाफ की कार्यवाही

**इस्लामाबाद,07 सितम्बर 2023 ।** पाकिस्तान में हाल ही में इमरान खान की पार्टी पीटीआई के नेताओं पर पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की। कई नेताओं को तो अदालत से रिहा होने के तुरंत बाद दूसरे केस में पकड़ लिया। इमरान खान ने इन गिरफ्तारियों को सरकार का जुल्म करार दिया था। वहीं, अब पाकिस्तान में इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के दो नेताओं की हिरासत के संबंध में अदालत के आदेशों का उल्लंघन करने संबंधी अवमानना मामले में गुरुवार को इस्लामाबाद के जिला आयुक्त और तीन पुलिस अधिकारियों के खिलाफ अभियोग शुरू किया।

इस्लामाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति बाबर सत्तार ने सुनवाई की अध्यक्षता की, जहां इस्लामाबाद के उपायुक्त इरफान नवाज मेमन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जमील जफर, पुलिस अधीक्षक फारूक बुट्टर और मार्गल्ला थाना प्रभारी नासिर मंजूर उपस्थित थे। न्यायमूर्ति सत्तार द्वारा अभियोग शुरू किए जाने के बाद सभी चार अधिकारियों ने आरोपों से इनकार किया।



संबंधित चारों सरकारी अधिकारियों पर पीटीआई नेताओं-शहरयार अफरीदी और शंदाना गुलजार को लोक व्यवस्था रखरखाव (एमपीओ) अध्यादेश के तहत हिरासत में रखने का आरोप है, जबकि अदालत ने उन्हें रिहा करने का आदेश दिया था। इससे पहले, महाधिवक्ता अयाज शौकत ने अपनी दलीलें पेश करते हुए अदालत से आग्रह किया कि अधिकारियों पर अभियोग नहीं लगाया जाए क्योंकि उन्होंने बिना शर्त माफी मांगी है।

न्यायमूर्ति सत्तार ने कहा कि हम उन पर अभियोग कैसे नहीं लगा सकते? यहां अदालत की अवमानना का मामला चल रहा था फिर भी आपने एमपीओ आदेश जारी कर दिया। न्यायाधीश ने अधिकारियों से कहा कि यदि आपको सजा सुनाई जाती है, तो आपको अधिक से अधिक जेल भेजा जाएगा, जिसमें छह महीने की सजा है। आप जेल में रहकर देख सकते हैं कि जिन्हें आप जेल भेजते हैं वे वहां कैसे रहते हैं।

पीटीआई नेता अफरीदी को पहली बार 16 मई को गिरफ्तार किया गया था और कथित भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद नौ मई को हुई हिंसा के बाद कार्रवाई के दौरान गुलजार को नौ अगस्त को हिरासत में लिया गया था। 16 अगस्त को, इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि अफरीदी और गुलजार को रिहा किया जाना चाहिए, लेकिन उन्हें फिर से गिरफ्तार कर लिया गया, जिसके बाद अदालत को कार्रवाई करनी पड़ी।

# अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कोरिया जिले के ग्राम डबरीपारा निवासी अमनदीप साहू को मिली उपाधि

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने प्रदान की उपाधि,बैचलर ऑफ मेडिसिन,बैचलर ऑफ सर्जरी की उपाधि से अमनदीप साहू हुए विभूषित

### भाजपा नेता साहू समाज जिला कोरिया के पदाधिकारी अनिल साहू के पुत्र हैं अमनदीप साहू

### सरस्वती शिशु मंदिर बैकुंठपुर से प्रारंभिक शिक्षा अमनदीप ने की थी ग्रहण,प्रथम प्रयास में ही एम बी.बी.एस. के लिए हुआ था उनका चयन

### देश भर में 20 वें स्थान पर एम बी.बी.एस. के लिए एंट्रेंस परीक्षा में आया था स्थान,अध्ययन के लिए मिला था एम्स दिल्ली आयुर्विज्ञान संस्थान

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,07 सितम्बर 2023

**(घटती-घटना)**। पढ़ने आगे बढ़ने का जज्बा हो तो फिर सफलता के लिए किसी संसाधन खासकर बड़े संसाधन की जरूरत नहीं पड़ती और पढ़ने वाला छात्र आगे बढ़ ही जाता है सफलता तय कर ही लेता है उसे उससे कोई रोक नहीं पाता। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है कोरिया जिले के ग्राम डबरीपारा निवासी भाजपा नेता साहू समाज नेता अनिल साहू के पुत्र अमनदीप साहू ने जिन्होंने ऐसी सफलता अपने नाम की है और जिस तरह की है उससे यह जरूर साबित हो जाता है की पढ़ने की ललक आगे बढ़ने की ललक हो तो फिर कोई बाधा कोई मुस्किल मायने नहीं रखती और न ज्यादा संसाधनों की ही जरूरत पड़ती है। अनिल साहू के पुत्र अमनदीप साहू जिन्होंने हिंदी माध्यम से अपनी प्राथमिक शिक्षा पूरी की बैकुंठपुर के सरस्वती शिशु मंदिर से जिन्होंने अपनी दसवीं तक की पढ़ाई की कौन जानता था वह एक दिन क्षेत्र का नाम रौशन करेंगे और देश के सबसे बड़े आयुर्विज्ञान केंद्र एम्स से वह अध्ययन कर उपाधि प्राप्त करेंगे। पढ़ने में शुरू से ही मेघावी छात्र अमनदीप जिनकी प्राथमिक शिक्षा हिंदी माध्यम से हुई और जो उनकी सफलता में बाधक नहीं बनी जबकि आज ऐसी मानसिकता अभिभावकों में घर कर गई है की हिंदी माध्यम शिक्षा के साथ कोई आगे नहीं बढ़ सकता अमनदीप साहू उनके लिए एक मिशाल हैं जो साबित करते हैं की भाषा कोई महत्वपूर्ण नहीं है किसी भी भाषा के साथ आगे बढ़ा जा सकता है और खासकर हिंदी भाषा अध्ययन के साथ अंग्रेजी भाषा अध्ययन कोई कठिन काम नहीं है। अमनदीप ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से बैचलर ऑफ मेडिसिन,बैचलर ऑफ सर्जरी की उपाधि प्राप्त की है। उनके इस उपलब्धि से उनके परिवार सहित पूरा क्षेत्र गौरवान्वित महसूस कर रहा है।




#### चयन परीक्षा में मिला था 20 वा रैंक,दिल्ली एम्स में मिला था प्रवेश

मेघावी छात्र अमनदीप ने नीट चयन परीक्षा में 20 वा स्थान प्राप्त किया था और उन्हे इसी वजह से देश की राजधानी में एम्स में दाखिला मिला था जो किसी भी डॉक्टर बनने वाले छात्र के लिए बड़ा और इकलौता सपना होता है जो उन्होंने पूरा किया।अमनदीप साहू के पिता अनिल साहू कहते हैं की उन्हे अपने पुत्र की शिक्षा को लेकर ज्यादा कुछ करना नही पड़ा,संसाधन उन्होंने जुटाए जरूर लेकिन पूरी मेहनत उनके बेटे की रही और उसकी लगन का परिणाम है की आज वह देश में परिवार का ,जिले का क्षेत्र और गांव का नाम रोशन कर रहा है।

#### अपने पिता सहित परिवार एवं क्षेत्र का नाम किया रोशन

अमनदीप साहू ने अपनी उपलब्धि साथ ही हिंदी भाषी शिक्षा के साथ आगे बढ़कर जो उपलब्धि हासिल की उससे उन्होंने एक तरफ यह साबित किया की कोई भी भाषा सफलता में बाधक नहीं बनती वहीं उन्होंने ने अपनी सफलता से अपने पिता परिवार सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।अमनदीप साहू कोरिया जिले के इकलौते छात्र साबित हुए हैं जिन्होंने एम बी बी एस की पढ़ाई एम्स दिल्ली से की है। 20 वा रैंक पूरे देश में चयन परीक्षा में लाना अमनदीप के पढ़ाई को लेकर जज्बे को प्रदर्शित करता है।

#### अपनी काबलियत से एम्स में पढ़ाई करने का मिला मौका

साहू ने अपनी काबिलियत साबित की यह उनके पिता का कहना है,भाजपा नेता साहू समाज के नेता अनिल साहू बताते हैं की उनके बेटे ने दो बड़ी चीजें शिक्षा को लेकर सफलता को लेकर साबित की है ,पहली यह की उनके बेटे ने हिंदी भाषा से प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण की बावजूद वह एम्स दिल्ली जैसी संस्था का छात्र बना जो दृढ़ इक्षाशक्ति का उदाहरण है वहीं उसका लक्ष्य था की उसे देश की राजधानी के आयुर्विज्ञान केंद्र से शिक्षा लेनी है जो हर डॉक्टर बनने का सपना देखने वाले छात्र का सपना होता है वह भी उसने पूरा किया।अपनी काबिलियत उसने साबित की जो मेरे लिए किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं।

#### सरगुजा संभाग का पहला छात्र था जिसका का एम्स में हुआ था चयन

अमनदीप साहू सरगुजा संभाग के पहले छात्र साबित हुए हैं जिन्होंने एम्स दिल्ली में दाखिला पाया और शिक्षा ग्रहण की उपाधि पाई,अमनदीप की सफलता पूरे संभाग के छात्रों के लिए मिशाल उदाहरण प्रेरणा बनेगी क्योंकि उन्होंने साबित किया की सफलता के लिए जरूरी नहीं की अध्ययन के लिए आरंभ से ही किसी बड़े नामी स्कूल में दाखिला लिया जाए,आम किसी हिंदी माध्यम विद्यालय से भी पढ़कर आगे बढ़ा जा सकता है जो उन्होंने साबित किया।

#### भाजपा के कद्दावर नेता के तीनों बच्चे हैं होनहार

भाजपा के कद्दावर नेता अनिल साहू के बच्चों में पहला लड़का आकाशदीप साहू इंजीनियरिंग से एमटेक की उपाधि ले चुका है दूसरा लड़का अमनदीप जिसने एम्स से डॉक्टर की डिग्री हासिल की है, तीसरी लड़की आंचल साहू जो बिलासपुर सिम्स में डॉक्टर की पढ़ाई कर रही है।कुल मिलाकर उनके तीन बच्चों में से सभी होनहार हैं और सभी ने अपने परिवार सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

## कोसम में काव्य गोष्ठी,ओपन माइक में नई प्रतिभाओं को मिलेगा अवसर,वरिष्ठ साहित्यविद करेंगे परिचर्चा

### साहित्यिक संस्था अभिव्यक्ति द्वारा 16 एवं 17 सितम्बर को आयोजित होगा कोरिया साहित्य महोत्सव




-संवाददाता-
**बैकुण्ठपुर 07 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)**। कोरिया जिले साहित्य की गतिविधियों को एक नया आयाम देने के लिए आगामी 16 एवं 17 सितम्बर को जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर में कोरिया साहित्य महोत्सव मनाया जाएगा। इस दो दिवसीय महोत्सव में विविध आयोजनों की श्रृंखला होगी जिसमें क्षेत्र के विद्वान साहित्यकार अपने विचार रखेंगे और साथ ही नई प्रतिभाओं को भी मंच प्रदान किया जाएगा। जिले में साहित्य, संस्कृति और सामाजिक सरोकार को पुनर्जीवित करने के लिए गठित साहित्यिक संस्था अभिव्यक्ति द्वारा यह महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इसकी रूपरेखा पर जानकारी देते हुए संस्था के सदस्यों ने बताया कि कोरिया साहित्य महोत्सव इस जिले के लिए पहला विशिष्ट आयोजन होगा जिसे कोसम के नाम से जाना जाएगा। यह पूरा आयोजन जिला पंचायत कोरिया के आडिटोरियम में दोपहर बाद 4 बजे से आरंभ होगा। कोसम के आयोजन में प्रथम दिवस जिले के लगभग पचास साहित्यकारों की रचनाओं का संग्रह कोसम प्रथम संस्करण 2023 विषिष्ट साहित्यकारों के उपस्थिति में विमोचित किया जाएगा। इसके साथ ही प्रथम दिवस दो विषयों पर परिचर्चा होगी जिसमें क्षेत्र के ख्यातिलब्ध साहित्यकार उपस्थित रहेंगे। हिंदी विषय पर परिचर्चा के साथ ही आयोजन के प्रथम दिवस विशिष्ट साहित्यकारों का काव्य पाठ होगा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ की लोक कला, इतिहास, संस्कृति पर विशेष परिचर्चा आयोजित की जाएगी।

आयोजकों ने बताया कि दूसरे दिन के आयोजन में ओपन माइक का सत्र आयोजित किया जाएगा। इसमें भाग लेने के लिए 15 से 25 वर्ष की आयु सीमा तय की गई है। जिन युवाओं को गीत, संगीत, काव्य पाठ, मिमिक्री या कोई अनूठी प्रतिभा का मंचन करना है वह इसमें निःशुल्क भाग ले सकते हैं। इसके लिए प्रतिभागी संबधित फोन नंबर पर अपनी दो मिनट की शॉर्ट वीडियों बनाकर भेज सकते हैं। इसमें किसी भी तरह के बैकग्राउंड संगीत आदि की मनाही होगी। श्रेष्ठ 20 युवाओं को कोरिया साहित्य महोत्सव के मंच पर प्रस्तुति का अवसर प्रदान किया जाएगा साथ ही उन्हे प्रदर्शन के लिए सम्मानित भी किया जाएगा। संस्था ने बताया कि यह कोई प्रतियोगिता ना होकर केवल प्रतिभाओं को मंच देने का प्रयास है। इसके बाद दूसरे दिन के आयोजन में रामचरित मानस पर विद्वानों के बीच परिचर्चा का आयोजन किया जाना तय किया गया है। साथ ही क्षेत्र के सभी साहित्यकारों को उनकी रचनाओं के पाठ के लिए भी आमंत्रित किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि रामचरित मानस पर परिचर्चा के साथ ही अविभाजित कोरिया जिले में पर्यटन की संभावनाओं पर एक परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। हिंदी के विकास में पत्रकारिता का एक महत्वपूर्ण स्थान है इसे ध्यान में रखते हुए क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकारों के बीच परिचर्चा भी आयोजित कराई जाएगी। आयोजकों ने इस कार्यक्रम में सभी साहित्यप्रेमियों को उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## सीएमएचओ ने की कार्यवाही में जल्दबाजी,किया कर्मचारियों का नुकसान

### कोरोना काल में जिन्हें मिला वॉरियर्स का दर्जा,अपनी मांगों के एवज में नौकरी से धोना पड़ रहा हाथ

### कोरिया एवं सरगुजा संभाग के संभगीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य और सरगुजा संभाग के अन्य जिलों के सीएमएचओ के बीच दिखा कार्यवाही में दिखा अंतर



#### चुनावी समय में वॉरियर्स का दर्जा प्राप्त सेवकों के विरुद्ध कार्यवाही समझ से परे

एक ओर जहां कुछ दिनों में छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव होने हैं, स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर किया गया यह हड़ताल जिसमें सरकार की संवेदनशीलता झलकनी चाहिए, जिन स्वास्थ्य कर्मियों ने कोरोना काल में अपनी जान के परवाह न कर जनता के दिन रात, 24 घंटे सेवा की, उन्हें पारितोषिक मिलने की बजाय बर्खास्तगी और निलंबन से नवाजना समझ से परे है। सरकार द्वारा इनकी जायज मांगों को सुनकर संवेदनापूर्ण निर्णय लेने के बजाय दबाव बनाकर एवं कार्यवाही कर भय की स्थिति पैदा करना, वह भी उनके लिए जो जनता के आवश्यक सेवाओं की रीढ की हड्डी हैं, कहीं से भी जायज नहीं ठहराया जा सकता।

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर 07 सितम्बर 2023

**(घटती-घटना)**। विगत 21 अगस्त से स्वास्थ्य फेडरेशन के बैनर तले स्वास्थ्य संयोजक, स्टाफ नर्स, डॉक्टर अपने 5 सूत्रीय माँग को लेकर अनवरत हडताल पर बैठे हैं। लेकिन आज 16 वां दिन होने को है, शासन प्रशासन बातचीत करने को तैयार नही है। इस संबंध में एस्मा एक्ट तहत कार्यवाही भी शुरु कर दी गई है, कोरिया जिला में सीएमएचओ द्वारा 84 स्वास्थ्य संयोजको को बर्खास्त कर दिया गया है। विचारणीय है कि कोरिया सीएमएचओ को कार्यवाही की इतनी जल्दबाजी थी कि उन्होंने कर्मचारियों को सीधा बर्खास्त कर दिया, जबकि एमसीबी जिले के सीएमएचओ ने 10 कर्मचारियों और संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सरगुजा ने 54 एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सरगुजा ने 154 और सूरजपुर ने 54 कर्मचारियों को निलंबित किया। सरगुजा संभाग के एक सीएमएचओ को छोड़कर बाकी अधिकारियों ने निलंबन कार्यवाही की है। इस सम्बंध में जिले के स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष से बात की गई और उन्होंने बताया कि ये जो कार्यवाही की गई है द्वेष पूर्ण है एवं इस कार्यवाही की निंदा करते हैं। आगे बात करते हुए उन्होंने बताया कि इससे पहले भी कोविड प्रोत्साहन राशि के लिये कई बार इनके समक्ष बात रखी गई, पत्राचार किया, बैठक किया गया, यहां तक कि घेराव करने की प्रक्रिया शुरु हो गई थी, परंतु इनके द्वारा आग्रह किया गया कि घेराव मत कीजिये मैं आपकी जो माँग कोविड प्रोत्साहन राशि के संबंध में पूरा किया जाएगा, और उसी दिन बैठक कर एक जांच टीम गठित की जिसके अध्यक्ष डॉक्टर प्रिंस जायसवाल को बनाया गया। लेकिन आज दिनांक तक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बारे में कई बार पत्राचार, मुलाकात कर अपनी बात रखी गई लेकिन हर बार टाल दी जा रही है। इस संबंध में कलेक्टर कोरिया को भी पत्राचार किया गया है । कोरिया सीएमएचओ द्वारा कर्मचारी हित में कितना काम किया गया इस कृत्य से पता चलता है। अधिकारियों के बीच प्रशासनिक जानकारी के अभाव में कर्मचारियों का बहुत बड़ा नुकसान हुआ है कोरिया जिला में।

### संभाग सरगुजा में स्वास्थ्य कर्मचारियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही 4/9/23 से अभी तक

अपनी विभिन्न मांगो के बैनर तले हड़ताल में जाने उपरांत सरगुजा संभाग के जिलों में निम्नलिखित कार्यवाहियां की गई है। कोरिया स्टाफ़ नर्स कुल 42 निलंबित, कोरिया सुपरवाइजर कुल 10 निलंबित, कोरिया आरचओ कुल 84 बर्खास्त, एमसीबी आरचओ कुल 77 बर्खास्त, सूरजपुर आरचओ 54 निलंबित, अम्बिकापुर आरचओ 152 निलंबित, बलरामपुर आरचओ 183 निलंबित हुए है पुरे संभाग में कुल 612 पर कर्यवाही हुआ है, उपरोक्त कार्रवाइयों में सबसे बड़ा सवाल यह है कि कोरिया जिले को छोड़कर अन्य किसी भी जिले में स्वास्थ्य कर्मचारियों के विरुद्ध बर्खास्तगी की कार्यवाही नहीं की गई है। उन्हें एस्मा एक्ट लगने के बाद निलंबित करने का कार्य किया गया है। परंतु ऐसी क्या मजबूरी है कि कोरिया जिले में स्वास्थ्य कर्मचारियों को निलंबित करने के बजाय सीधे बर्खास्त कर दिया गया है। वहीं कर्मचारी नेताओं का कहना है कि जब तक मांगे पूरी नहीं होगी हम डटे रहेंगे, ऐसी कार्यवाहियों से हम डरने वाले नहीं हैं। और जो विसंगति पूर्ण कार्यवाही की गई है हम इसका खुलकर विरोध और निंदा करते हैं।

## राम भक्त युवा नागेंद्र पटेल को विश्व हिंदू परिषद में धर्म प्रसार प्रमुख कोरिया का दायित्व।

### हिंदू धर्म जागरण के लिए चर्चित चेहरा है नागेंद्र पटेल

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,07सितम्बर 2023



**(घटती-घटना)**।कोरिया जिले के एक छोटे से गांव तेंदुआ के रहने वाले नागेंद्र पटेल को हिंदू जन जागरण के कार्यक्रम में लगे रहने के कारण विश्व हिंदू परिषद में धर्म प्रसार प्रमुख कोरिया जिला के दायित्व दिया गया है। ज्ञातव्य हो कि नागेंद्र पटेल सदैव हिंदू धर्म के प्रति अपने कृत्यों से लोगों को जागरूक करने का काम करते रहते हैं। सोशल मीडिया, फेसबुक, ट्विटर एवं अन्य माध्यमों से सदैव लोगों को हिंदू धर्म के प्रति जोड़ने का प्रयास का इनका कार्य सराहनीय है, जिसके परिणाम स्वरूप विश्व हिंदू परिषद द्वारा इन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। सदैव धर्म जागरण के कार्य करते रहने एवं लोगों में हिंदू धर्म के प्रति आस्था एवं विश्वास बढ़ाने वाले नागेंद्र पटेल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से भी जुड़े हैं। क्षेत्र में होने वाली सभी धार्मिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाते हुए इन्होंने अपनी एक अलग ही पहचान बनाई है। विश्व हिंदू परिषद द्वारा जिला कोरिया के धर्म प्रचार प्रमुख बनाए जाने पर इन्होंने धन्यवाद प्रेषित करते हुए कहा कि इस दायित्व के बाद में फिर से प्रण लेता हूं, जब तक शरीर में खून का एक भी कतरा रहेगा, तब तक मैं सदैव राष्ट्रहित, धर्महित में, समाज हित के लिए समर्पित रहूंगा।

## भाजयुमो कोरिया ने सनातन धर्म विरोधी मंत्री व कांग्रेस सरकार का किया पुतला दहन






-संवाददाता-
**बैकुण्ठपुर 07 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)**।भाजयुमो कोरिया ने सनातन धर्म विरोधि मंत्री, कांग्रेस सरकार का किया पुतला दहन, भाजयुमो जिलाध्यक्ष हितेश प्रताप सिंह ने कहा मिट गए सनातन को मिटाने वाले कांग्रेस हमेशा सनातनी विरोधियों का पोषण करती है, तमिलनाडु सरकार के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के सनातन विरोधी बयान के माध्यम से राष्ट्र को तोड़ने का काम किया है,जो की समस्त सनातनियों के लिए निंदा का विषय है। कोरिया में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जयसवाल के अगुवाई में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष हितेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में यूवा मोर्चा के साथियों और महीला मोर्चा भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं बंधुओ के द्वारा स्टालिन और घमंडियां कांग्रेस गठबंधन के सरकार का पुतला दहन किया गया और स्टालिन के ऊपर एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुऐ, अपने थाना क्षेत्र बैकुंठपुर में युवा मोर्चा के साथियों के साथ ज्ञापन दिया और एफआईआर की मांग युवा मोर्चा के साथियों के साथ की गई, इस विरोध प्रदर्शन में पूर्व मंत्री भईया लाल राजवाड़े, नगर पालिका अध्यक्ष मती नविता शिवहरे, जिला पंचायत सदस्य मती वंदना राजवाड़े, जिला उपाध्यक्ष भाजपा नगर पालिक उपाध्यक्ष राजेश सिंह, मंडल अध्यक्ष भाजपा अरुण जयसवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े, अनुसूचित जनजाति अध्यक्ष राम प्रताप,भाजपा महामंत्री हर्षल गुप्ता ,संदीप साहू, भानू पाल, गुलाब गुप्ता, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतेन्द्र राजवाड़े, भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष उमा शंकर बंटी, भाजयुमो महामंत्री कुनाल जयसवाल, भाजयुमो मंत्री रमेश तिवारी, सुरेश साहू, भाजयुमो मंत्री अनील रजवाड़े, भाजयुमो जिला सोशल मिडिया प्रभारी चंदन रजवाड़े, भाजयुमो आईटी शेल प्रभारी अभिषेक साहू भाजयुमो शरद सिंह, मंडल अध्यक्ष भाजयुमो, श्री राम दुबे, अशीष यादव, परवेंद्र सिंह भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष अभिषेक कासी, महा मंत्री भाजयुमो मंडल पारस नाथ राजवाड़े, राम रूप राजवाडे, शक्ति साहू, अशीष हनी अन्य उपस्थित रहे।

## शराब पीकर बस में डांस करने वाले युवा मितान क्लब के सदस्यों को भूपेश सरकार दें अवार्डः रमेश तिवारी

**शोसल मिडिया में वायरल विडियो पर भाजयुमो नेता ने मजाकिया अंदाज में कसा तंज**

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,07 सितम्बर 2023

**(घटती-घटना)**। गत दिवस राज्य सरकार द्वारा गठित प्रदेश भर के प्रत्येक पंचायत के राजीव युवा मितान क्लब के युवाओं का भूपेश सरकार ने अपने नेता राहुल गांधी की उपस्थिति में रायपुर में सम्मेलन आयोजित कराया। जिसके बाद वापसी के दौरान युवा क्लब के कुछ युवकों का शोसल मिडिया में विडियो वायरल हुआ है जिसमें राजीव युवा मितान क्लब वाली जर्सी पहने कांग्रेसी युवा नेता एक गाना (पीले-पीले ओ मोरे राजा, पीले-पीले ओ मोरे जानी) के धुन में शीर में शराब की बोतल लेकर डांस कर रहे हैं और नशे में लबालब दिख रहे हैं।



शोसल मिडिया में वायरल विडियो पर युवा नेता व भाजयुमो कोरिया के जिलामंत्री रमेश तिवारी ने बयान जारी कर चुटकी लेते हुए भूपेश सरकार पर तंज कसा है युवा नेता तिवारी ने कहा कि विडियो में स्पष्ट है कि यह युवा मितान क्लब के युवा कांग्रेसी काफी उत्साहित हैं और राज्य सरकार के द्वारा युवा क्लब के नाम पर जो राशि दी जा रही है उससे अच्छा भरण पोषण हो रहा है.यही कांग्रेसीयो का असली चेहरा है. कांग्रेसियों के द्वारा लगातार नारा लगाया जाता है कका अभी ज़िंदा है इस विडियो से आज निश्चित रूप से पुरा प्रदेश शर्मिंदा हैं. देखने वाली बात होगी कि युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के इस हरकत से कका अभी कितना शर्मिंदा हैं?

रमेश ने कहा चला चली के इस बेरा में भूपेश सरकार शराब पीकर डांस करने वाले अपने युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को जल्द से एक बड़ा अवार्ड दें क्योंकि शराब मामले में भूपेश सरकार के आबकारी मंत्री लगातार बयान देते रहते हैं कि शराब दवाई है ऐसे में मुख्यमंत्री से किसी प्रकार की कार्रवाई की उम्मीद प्रदेश की जनता तो नहीं कर रही है। वैसे भी हाथ में गंगा जल पकड़ कर शराबबंदी का झूठा वादा करके सत्ता प्राप्त करने वाली भूपेश सरकार पुरे पांच साल तक जनता को बरगलाती रही व शराब बंदी को अपनी कमाई का जरिया बनाकर लगभग दो हजार करोड़ का घोटाला कर गई।

# पुलिस की जांच से खुलेंगे राज,पर्दे के पीछे छिपे चेहरे भी होंगे बेनकाब

## एसडीओपी ने जारी की नोटिस,मामला डीडवापानी की जमीन बिक्री का...

**फर्जी तरीके से दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर ग्राम पंचायत डिडवापानी की लगभग 40 एकड़ की जमीन को दलालों के द्वारा 68 लाख रुपए में विक्रय कर दिया गया...जबकि उस जमीन का भू-स्वामी दूसरे प्रदेश में बैठा है वहीं दलालों ने फर्जी दस्तावेजों को बनाकर पंजीयन तो करा लिया है लेकिन शिकायतकर्ता के द्वारा पुलिस अधीक्षक को दिए गए आवेदन पर एसडीओपी अनुपपुर ने सभी क्रेता,विक्रेता,गवाह समेत वकील व सर्विस प्रोवाइडर को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है...इस मामले में जल्द ही पुलिस फर्जीवाड़े में शामिल लोगों को सलाखों के पीछे ले जाने का काम करेगी...वही जांच में और भी नाम सामने आने की संभावना बताई जा रही है...कुछ ऐसे भी चेहरे है जो इस पूरे फर्जीवाड़े में पर्दे के पीछे से खेल रहे हैं जो जांच के उपरांत सामने आ सकते हैं...**

-विशेष संवाददाता-
अनूपपुर,07 सितम्बर 2023
(घटती घटना)

जानकारी के अनुसार जिले की भूमि ग्राम डिडवापानी आराजी खसरा नम्बर 13/6/2 रकवा 1.265 हे, 12/4 रकवा 4.047 से, 7/4/2 रकवा 2. उत हे. 8/1 रकवा 12.14 हे. को फर्जी विक्रेता बनकर अनिल कुमार शाह (उम्र 51 वर्ष) पिता छोटेलाल शाह निवासी वार्ड नं. 06 पुनीरा आधार नं. 829050587408 के द्वारा विक्रयनामा बलवीर सिंह गिल पिता ज्ञान सिंह गिल निवासी हाउस नम्बर 87 वार्ड नं. 04 नयापारा बोदरी (बोसरी) बिलासपुर आधार नम्बर 251366353909 रजिस्ट्रेशन नं. एमपी 46252202312086376 रजिस्ट्रेशन दिनांक 05/07/2023 को रजिस्ट्री कराया गया है जिसमें भूमि विक्रय की राशि 4 चेक के माध्यम से 68 लाख रूपये प्राप्त कर रजिस्ट्री कराई गई है।


अब जंगल की जमीन भी बेच रहे दलाल, जांच में खुलेंगे सारे राज
पंजीयन कार्यालय की भूमिका संदिग्ध, फर्जी रजिस्ट्री की हुई शिकायत
जिम्मेदारों के बोल

### शिकायत के आधार पर सभी को जारी हुआ नोटिस

शिकायतकर्ता ने शिकायत करते हुए बताया है कि उक्त जमीन की पंजीयन करने में जमकर फर्जीवाड़ा हुआ है और बड़ी रकम का हवाला के माध्यम से लेन-देन हुआ है। इस मामले की भी पुलिस जांच कर रही है कि पैसे किन के खाते में और कितने लिए गए। दलालों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस सभी को नोटिस भी जारी कर चुकी है। आने वाले दिनों में अनूपपुर में जमीन दलाली के मामले में बड़ा खुलासा भी पुलिस कर सकती है।

### वकील और सर्विस प्रोवाइडर भी संदेह के घेरे में

जमीन की खरीद बिक्री में जब से दलालों ने अपनी पैर पसारे हैं तब से लेकर अभी तक लगातार जमीनों को खुर्द करने का काम यह दलाल करते आ रहे हैं। किसी की जमीन को किसी और व्यक्ति को बेच देना, गलत दस्तावेजों के आधार पर पंजीयन करा देना उनके लिए आम बात हो चली है। वहीं अब इनके साथ सर्विस प्रोवाइडर भी साथ खड़े नजर आ रहे हैं जिसके चलते नगर का स्वरूप भी बिगड़ रहा है।

### जांच के दौरान कई और नामों का होगा खुलासा

फिलहाल पुलिस ने अभी शिकायतकर्ता के द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर ही आरोपियों को बयान के लिए एसडीओपी ऑफिस बुलाया है। जिसके लिए एसडीओपी ऑफिस से नोटिस जारी किया जा चुका है। नोटिस और जवाब तलब हो जाने के बाद और भी कुछ लोगों के नाम सामने आने के कयास लगाए जा रहे हैं।

### इनका कहना है -

शिकायत के बाद सभी को नोटिस जारी की गई है,पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।
**सुमित केरकेट्टा,एसडीओपी अनुपपुर**

### लेनदेन के लिए उपयोग हुए खाते की भी होगी जॉच

यह कहना गलत नहीं होगा कि एक जमीन की बिक्री में जहां भू स्वामी को चंद रुपए ही नसीब होते हैं तो वहीं दलाल मोटी चांदी काट कर अपनी जेब गर्म करते आ रहे हैं। मगर डिडवापानी की जमीन के मामले में ऐसा होता नहीं दिख रहा है। इतना ही नहीं बैंक में भारी भरकम हुए लेनदेन से भी कई खुलासा होने की उम्मीद लगाई जा रही है।

# अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद ने मनाया स्थापना दिवस

-संवाददाता-
सूरजपुर,07 सितम्बर 2023
(घटती घटना)

अधिवक्ता परिषद् छत्तीसगढ़ जिला ईकाई - सूरजपुर द्वारा अधिवक्ता परिषद् का स्थापना दिवस पुरे उर्जा व उत्साह के साथ आयोजन किया गया, जिसमें जिला न्यायालय, सूरजपुर के परिषद् के सदस्यों एवं अधिवक्तागणों ने अधिवक्ता परिषद् छ0ग0 के उद्धेश्य एवं कार्यों की जानकारी का पत्रक अधिवक्तागणों के टेबल में जाकर बांटा गया एवं संबंधित परिषद् की जानकारी दी गई, जिसमें अधिवक्ता परिषद् के जिला अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह सरूता अधिवक्ता, महामंत्री उदय प्रताप सिंह व परिषद् प्रदेश उपाध्यक्ष संजय भारत, एसोसियट सूरजपुर, सूरजपुर के सचिव सुशील निगम, परिषद के पूर्व अध्यक्ष श्री नरेश कौशिक, अधिवक्ता ज्वाला प्रसाद गुप्ता एवं अधिवक्ता परिषद् के सदस्यगण राजूदास जी, हरिओम साहू, सुरेश कुमार साहू, दिनेश साहू, सुमन तिवारी, प्रणय सिन्हा, श्याम प्रजापति, देवाराम राजवाड़े, सचिन साहू, प्रिति शास्त्री अधिवक्तागण उपस्थित थे।





## सूरजपुर में हुआ पॉवरलिफ्टिंग चैम्पियनशीप का आयोजन

-संवाददाता-
सूरजपुर,07 सितम्बर 2023
(घटती घटना)

सुरजपुर आईपीएफ (इंडियन पावरलिफ्टिंग फेडरेशन) छत्तीसगढ़ राज्य पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2023 जिस्म 3 इवेंट है 1.स्क्वैट्स 2. डेडलिफ्ट 3.बेंच प्रेस। जिसमें सूरजपुर के (1 प्रतिनिधि मैक्स फिटनेस जिम) से 2 लड़कियों ने भाग लिया। प्रियंका सिंह पिता विजय सिंह उइके (एआरसीएस) कॉलेज रोड नवापारा के रहने वाली ने सिल्वर मेडल जीता और के.स्वाति ने कांस्य पदक जीत के हमारे जिम और शहर का नाम रोशन किया।



# करोड़ों के लागत से बन रहे गोदाम निर्माण का लाभ नहीं लेट लतीफी के लिए आखिर कौन है जिम्मेदार



-सोनू कश्यप-
प्रतापपुर,07 सितम्बर 2023
(घटती घटना)

जो काम नौ महीने में पूरा करना था वह तीन साल में भी पूरा नहीं हो सका है,हम बात कर रहे हैं कृषि उपज मंडी बोर्ड द्वारा प्रतापपुर में बनाए जा रहे धान संग्रहण और चावल रखने के लिए गोदाम की।दूसरी तरफ ठेकेदार द्वारा इतनी लेट लतीफी के बाद भी उसे संरक्षण दिया जा रहा है क्योंकि इसमें जिम्मेदार खुद भी हैं।

प्रतापपुर विकासखंड मुख्यालय के करीब नर्सरी रोड में कृषि उपज मंडी विभाग द्वारा दस हजार मैट्रिक टन क्षमता वाले तीन करोड 75 लाख के लागत से वर्ष 2021-22 मे धान संग्रहण और एफसीआई गोदाम के चावल रखने वाले गोदाम निर्माण में भारी अनीमियता देखने को मिल रही है कृषि उपज मंडी विभाग द्वारा जारी निविदा में किस कार्य को 9 में पूर्ण करना था लेकिन विभाग के ठेकेदार द्वारा आज 3 वर्षो से लगातार कार्य चल रहा है लेकिन फिर भी आकर पूर्ण नहीं हो पाया विभाग की सूत्रों के अनुसार उक्त कार्यो का एक्सटेंशन हेतु कृषि उपज मंडी विभाग के उच्च अधिकारी के पास फाइल भेजी गई है लेकिन अभी तक स्वीकृत नहीं हुई है वहीं विभाग के द्वारा इतना विलंब से कार्य करवाने के लिए ठेकेदार के ऊपर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं किए जाने विभाग



### जनपद अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

जनपद पंचायत के अध्यक्ष जगत लाल आयाम ने गोदाम निर्माण में हो रहे देरी को लेकर में विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई है उन्होंने कहा कि जो कार्य 9 माह में पूर्ण होने थे आखिर 2 वर्ष पूर्ण होने को है आखिर अभी तक निर्माण कार्य पूर्ण क्यों नहीं किया गया निरीक्षण के दौरान वहां कार्य में लगे श्रमिकों हेतु सुरक्षा मानकों का बिल्कुल भी पालन नहीं किया जा रहा है जिसको लेकर उन्होंने नाराजगी जताई है उन्होंने कहा कि आगामी सामान्य सभा में कृषि उपज मंडी के अधिकारियों को जनपद में बुलाकर उक्त कार्यों से संबंधित फाइल का अवलोकन कर निर्माण कार्य में देरी को लेकर विभाग के अधिकारियों से जवाब लिया जाएगा सुरक्षा के उपाय नहीं करने और खामियों को लेकर शीघ्र ही कलेक्टर व उच्च अधिकारियों से इसकी शिकायत करने की बात कही है

### देर होने के कारण नहीं मिल रहा फायदा....

गोदाम निर्माण में लेट लतीफ की वजह से गोदाम निर्माण का फायदा नहीं मिल पा रहा है करोड़ों के लागत से बन रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण विभाग के अधिकारी कर्मचारी सही समय पर नहीं कर रहे हैं इसलिए समय अवधि पर कार्य पूर्ण नहीं हो रहा है

### बनाने थे दो बड़े गोदाम,बन रहे छोटे छोटे छह

विभाग के इंजीनियर ने बताया कि उक्त के गोदाम निर्माणदस हजार मेट्रिक टन के क्षमता दो गोदाम बनाना था लेकिन जगह के अभाव में अलग-अलग छह गोदाम का निर्माण किया जा रहा है सवाल यह उठता है कि कार्य प्रारंभ होने से पहले मुक्त कर की ड्राइंग डिजाइन क्यों बदली गई या अभी एक जांच का विषय है कहीं विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा ठेकेदार को लाभ पहुंचाने का प्रयास तो नहीं है

### निर्माण स्थल पर नहीं है नागरिक सूचना पटल

गोदाम निर्माण स्थल पर नागरिक सूचना पटल भी नहीं लगा हुआ जबकि शासन का स्पष्ट निर्देश है कि कोई भी निर्माण कार्य प्रारंभ होता है तो निर्माण कार्य से संबंधित सभी जानकारियां उक्त सूचना पटल पर प्रदर्शित होनी चाहिए लेकिन मुख्य कार्य स्थल पर सूचना पटल नहीं है

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै पुराना नाम विरेन्द्र जायसवाल पिता श्री बसंत लाल जायसवाल अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम विरेन्द्र कुमार जायसवाल पिता श्री बसंत लाल जायसवाल निवासी/ पता 152, सुखरी, बधिमा, बलरामपुर रख लिया हूं अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय/अर्द्धशासकीय अन्य दस्तावेजों में नया नाम विरेन्द्र कुमार जायसवाल पिता श्री बसंत लाल जायसवाल से जाना एवं पहचाना जाए।

**शपथकर्ता**
**विरेन्द्र कुमार जायसवाल**
**पता-152, सुखरी बधिमा**
**जिला बलरामपुर**

# सड़क पर बेतरतीब खड़े भारी वाहनों पर की गई कार्यवाही



-संवाददाता-
कोरबा,07 सितम्बर 2023
(घटती घटना)

कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन में जिला परिवहन अधिकारी कोरबा शशिकांत कुर्रे और तहसीलदार दर्री राजेन्द्र भारत के नेतृत्व में सर्वमंगला, कुसमुंडा, इमलीछापर मार्ग में यातायात व्यवस्था दुरूस्ती हेतु कार्यवाही की गई। जिसमें इन मार्गो में नो पार्किंग एरिया व बीच सड़क में बेतरतीब खड़े भारी वाहनों पर चालानी कार्यवाही करते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 71 वाहनों पर 76 हजार 700 रूपए का जुर्माना वसूल किया गया।

# कोरबा विधानसभा के 250 कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल

-संवाददाता-
कोरबा,07 सितम्बर 2023
(घटती घटना)

कोरबा विधानसभा क्षेत्र के 250 कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति पर भरोसा करते हुए भाजपा में प्रवेश किया। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पंडित दीनदयाल कुंज में कोरबा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी लखनलाल देवांगन एवं जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह के द्वारा इन सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा का गमछा पहनकर पार्टी में प्रवेश कराया गया। इस दौरान जिला कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के नगर पालिक निगम में चयनित पार्षदों की बैठक हुई। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के द्वारा आम जनता के जीवन स्तर को ऊंचा उठने के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं इन 09 वर्षो के कार्यकाल में प्रारंभ की गई है। इन योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन देश भर में किया जा रहा है और छत्तीसगढ़ की जनता,कोरबा विधानसभा की जनता को भी प्रधानमंत्री की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जिला अध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार छत्तीसगढ़ में भी बनाना है और इसके लिए सभी कार्यकर्ता अभी से तैयारी शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीति ही ऐसी है कि इसकी तरफ युवा वर्ग एवं महिलाएं आकर्षित हो रहे हैं। इसी का परिणाम है कि कांग्रेस के 250 कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने सभी नव प्रवेशी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि वह भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम करें।इस अवसर पर प्रमुख रूप से अशोक चावलानी, विकास अग्रवाल, आलोक सिंह, अजय विश्वकर्मा, शिव बालक तोमर, ईश्वर चन्द्रा,उमा भारती सराफ, मंजू सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला सरगुजा.(छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0- /ब-121 /2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तारक मण्डल आ0 स्व0 सुभाष मण्डल निवासी सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम सुभाषनगर स्थित खसरा नंबर 237/2 रकबा 0.109 हे0 में से रकबा 1.61 डिसमिल भूमि को अनावेदक उर्मिला देवी पत्नी ललन शर्मा निवासी भट्ठी रोड, केदारपुर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के पास अंकन राषि रूपये 11,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 11.09.2023 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील | तहसीलदार अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर.जिला-सरगुजा.छ.ग.**

**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र.202309021200 / अ-6/ 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शबनम कुरैशी, तरन्नुम आ0 उमर कुरैशी, जाति- मुसलमान, निवासी- मिठानगर, बी0एम0सी0 स्कूल के पीछे मुम्बई महाराष्ट्र के द्वारा बताया गया कि अनावेदक/विक्रेता-इमरान कुरैशी, सहानी कुरैशी आ0 अब्दुल जब्बार कुरैशी, साजिया कुरैशी पति स्व0 इरफान कुरैशी, रेहान कुरैशी, अरमान कुरैशी, हिबा कुरैशी आ0 इरफान कुरैशी जाति- मुसलमान, निवासी कौवाडांड़, मायापुर, नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के सवामित्व व हक की शीट क्रमांक 03, मोहल्ला-कौवाडांड़, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लॉट 1495, 1496, 1500 रकबा 0.04, 0.03, $0.15^{1/2}$ एकड़ भूमि है। उक्त नजूल प्लॉट 1495, 1496, 1500 रकबा 0.04, 0.03, $0.15^{1/2}$ के द्वारा अनावेदक/विक्रेता-इमरान कुरैशी, सहानी कुरैशी आ0 अब्दुल जब्बार कुरैशी साजिया कुरैशी पति स्व0 इरफान कुरैशी रेहान कुरैशी, अरमान कुरैशी, हिबा कुरैशी आ0 इरफान कुरैशी जाति मुसलमान, निवासी कौवाडांड, मायापुर, नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 से हमारे द्वारा क्रय किया गया है। अतः पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 21/08/2023 के आधार पर अपने नाम नामान्तरण किये जाने बावत आवेदन पत्र अनर्तगत धारा 109, 110, छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है

अतः उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दाया अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता को माध्यम से दिनांक-27/09/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दाया-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनाक- 06/09/2023 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

सील | नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

# कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में टीम इंडिया के आंकड़े शानदार

**» यहां रोहित-कोहली का बोलता है बल्ला**

**नई दिल्ली,07 सितम्बर 2023।** एशिया कप के सुपर-4 के मुकाबले में 10 सितंबर को भारत बनाम पाकिस्तान के बीच कड़ी भिड़ंत होगी। ये मुकाबला कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं भारतीय टीम के आर प्रेमदासा स्टेडियम में आंकड़े अच्छे हैं। इस स्टेडियम में भारतीय टीम के नाम वनडे में सबसे बड़ा स्कोर बनाने का रिकॉर्ड भी है।

भारत और पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में दूसरी बार एक-दूसरे से भिड़ रहे हैं। हालांकि, इससे पहले कैंडी में खेले गए दोनों देशों का मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया था। लेकिन उस मुकाबले में पाकिस्तान गेंदबाज टीम इंडिया के टॉप ऑर्डर पर भारी पड़े थे। वहीं कोलंबो के स्टेडियम में भारतीय टीम का पुराना रिकॉर्ड काफी मजबूत है।




**टीम इंडिया के नाम सबसे बड़ा स्कोर बनाने का रिकॉर्ड**

प्रेमदासा स्टेडियम के वनडे इतिहास में अबतक भारतीय टीम ने सबसे बड़ा स्कोर 375 रनों का बनाया है। सिर्फ एक नहीं बल्कि पांच बड़े स्कोर में से तीन बड़े स्कोर टीम इंडिया के नाम ही दर्ज हैं। टीम इंडिया ने अभी तक इस स्टेडियम में 46 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से 23 में भारत को जीत मिली है।

**कोहली-रोहित खेल चुके हैं बेहतरीन पारियां**

वहीं इस मैदान पर भारत ने आखिरी वनडे मुकाबला साल 2017 में विराट कोहली की कप्तानी में खेला था। श्रीलंका के खिलाफ खेले गए उस मुकाबले में भारत ने कुल 375 रन बनाए थे जो इस मैदान पर किसी टीम का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। इस मैच में विराट कोहली और रोहित शर्मा ने शतकीय पारियां खेली थी। मैच में विराट कोहली ने 131 रनों की बेहतरीन पारी खेली थी। जबकि रोहित शर्मा ने 104 रनों की पारी खेली थी।

## जन्म दिन विशेष: ज्वाला गुट्टा ने 10 साल की उम्र से शुरू किया था बैडमिंटन खेलना

**» ऐसे बनी भारत की सफल डबल्स शटलर स्टार**

भारत की महिला खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर रही हैं। महिला एथलीट ओलंपिक, कॉमनवेल्थ खेलों में शानदार प्रदर्शन कर अपने देश का मान बढ़ाने का काम कर रही हैं। बता दें कि जब भी हम बैडमिंटन खिलाड़ियों को याद करते हैं, तो उसमें पीवी सिंधु और साइना नेहवाल का नाम सबसे पहले लिया जाता है। लेकिन राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर बैडमिंटन में अपनी पहचान बनाने वाली महिला खिलाड़ियों में ज्वाला गुट्टा ने भी अपने देश का मान बढ़ाया है।

ज्वाला गुट्टा देश की प्रोफेशनल बैडमिंटन प्लेयर हैं। ज्वाला गुट्टा ने साल 1990 में मिक्स और महिला डबल्स में पार्टिसिपेट किया था। उन्होंने कई मैच में हिस्सा लिया है और उन मैचों में जीत भी हासिल की। इसके अलावा ज्वाला गुट्टा ने दुनिया के टॉप 6 खिलाड़ी की रैंक हासिल की। आज यानी की 07 सितंबर को ज्वाला गुट्टा अपना 40वां जन्मदिन मना रही हैं। आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर ज्वाला गुट्टा के जीवन से जुड़े कुछ रोचक तथ्यों के बारे में...



**जन्म और शिक्षा**

महाराष्ट्र के वर्धा 07 सितंबर को 1983 को ज्वाला गुट्टा का जन्म हुआ था। ज्वाला के पिता का नाम एम क्रांति और माता का नाम येलेन था। ज्वाला की मां येलेन चीन से ताल्लुक रखते हैं। ज्वाला गुट्टा का बचपन का अधिकतर समय हैदराबाद में बीता। उन्होंने अपनी शुरूआती शिक्षा हैदराबाद से पूरी की। ज्वाला को बचपन से ही स्पोर्ट्स में रुचि थी। इसी के तहत उन्होंने बैडमिंटन की ट्रेनिंग लेनी शुरू कर दी।

**ज्वाला गुट्टा का कॅरियर**

ज्वाला गुट्टा ने महज 10 साल की उम्र में बैडमिंटन की ट्रेनिंग लेनी शुरू कर दी थी। उस दौरान उनके कोच एस एम आरिफ थे, वह द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता थे। ज्वाला ने महज 13 साल की उम्र में मिनी बैडमिंटन चैंपियनशिप में पार्टिसिपेट किया था। वह इस मैच में विजेता बनी थीं। वहीं साल 2017 में जूनियर नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप में ज्वाला ने जीत हासिल की थी।

**कॉमनवेल्थ गेम**

ज्वाला गुट्टा ने श्रुति कुरियन के साथ लगातार सात बार राष्ट्रीय युगल चैंपियनशिप का खिताब जीता। इसके साथ ही साल 2010 में उन्होंने दिल्ली में अपने जोड़ीदार अश्विनी पोनप्पा के साथ मिलकर कॉमनवेल्थ खेलों में जीत हासिल की। ज्वाला और अश्विनी की जोड़ी ने मिलकर डबल इवेंट में गोल्ड जीता। वहीं साल 2014 में भी ज्वाला ने कॉमनवेल्थ में गोल्ड जीता था।

**पर्सनल लाइफ**

बैडमिंटन खिलाड़ी ज्वाला गुट्टा ने साल 2005 में बैडमिंटन प्लेयर चेतन आनंद शादी रचाई थी। लेकिन किन्हीं कारणों के चलते दोनों का रिश्ता ज्यादा समय तक नहीं चल सका। दोनों ने आपसी सहमति से साल 2011 में तलाक ले लिया।

## लियोनेस मेसी बैलन डी ओर की दौड़ में शामिल,रोनाल्डो हुए बाहर



**ब्राजील,07 सितम्बर 2023।** सात बार के बैलन डी ओर विजेता लियोनेल मेसी को एक साल बाद फिर से फुटबॉल के इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए नामांकित खिलाड़ियों में जगह मिली है लेकिन लंबे समय तक उनके प्रतिद्वंदी रहे क्रिस्टियानो रोनाल्डो इस सूची में शामिल नहीं हैं।

दिसंबर में अर्जेंटीना को विश्वकप का खिताब दिलाने वाले और वर्तमान समय में इंटर मियामी की तरफ से खेल रहे मेस्सी को पिछले साल इस सूची में जगह नहीं मिली थी। इस बार 30 पुरुष खिलाड़ियों की जो सूची जारी की गई उसमें मेस्सी का नाम शामिल है। उन्हें इस पुरस्कार के लिए एर्लिंग हालैंड और काइलिन एमबापे से कड़ी चुनौती मिलने की संभावना है।

पिछले साल के विजेता करीम बेनजेमा भी इस सूची में शामिल हैं। सऊदी अरब के क्लब अल नासेर की तरफ से खेल रहे रोनाल्डो 2003 के बाद पहली बार इस सूची में जगह नहीं बना पाए। रोनाल्डो ने पांच बार यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता है। विजेता की घोषणा 30 अक्टूबर को की जाएगी।

महिलाओं की सूची में विश्वकप विजेता स्पेन की छह खिलाड़ियों को जगह मिली है। इनमें ऐताना बोनमती भी शामिल हैं, जिन्हें पिछले सप्ताह यूईएफए वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया था।

## यॉर्कशायर क्रिकेट क्लब को खरीदने के लिए राजस्थान रॉयल्स ने लगाई सबसे बड़ी बोली

**नई दिल्ली,07 सितम्बर 2023।** राजस्थान रॉयल्स ने इंग्लैंड के यॉर्कशायर क्रिकेट क्लब के लिए करोड़ों रुपयों की बोली लगाई है। वहीं अगर राजस्थान रॉयल्स इस क्लब को खरीदने में सफल हो जाता है तो वो काउंटी क्लब का मालिकाना हक रखने वाली दूसरी विदेशी फ्रेंचाइजी बन जाएगी।

आईपीएल फ्रेंचाइजी ने काउंटी क्लब को खरीदने के लिए 25 मिलियन पाउंड की बोली लगाई है। जिससे सदस्य क्लब के रूप में उनके 160 साल पूरे हो जाएंगे। वहीं इस रकम को भारतीय रुपये में बात करें तो ये 259 करोड़ रुपये की बोली है। वहीं मेल स्पोर्ट की एक रिपोर्ट में पिछले हफ्ते खुलासा हुआ था कि यॉर्कशायर पूर्व चेयरमैन कॉलिन ग्रेव्स के पारिवारिक ट्रस्ट के 15 मिलियन का भुगतान करने के लिए पैसे जुटाने के लिए हेडिंग्ले को न्यूकैसल के पूर्व मालिक माइक एशले को बेचने पर विचार कर रहा है।

उन्होंने अन्य आईपीएल फ्रेंचाइजी और सऊदी अरब के राजकुमार बद्र बिन अब्दुल्ला बिन मोहम्मद बिन फरहान अल सऊद से कर्ज लेने के बारे में भी बातचीत की। वहीं अगर राजस्थान रॉयल्स अधिकार लेने में सफल हो जाती है तो उनका हेडिंग्ले पर पूरी तरह से नियंत्रण हो जाएगा।

## अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में अल्कराज और मेदवेदेव

**अलास्का,07सितम्बर 2023।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज और रूस के तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने मौसम की विकट परिस्थितियों के बावजूद सीधे सेटों में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां वे एक-दूसरे के आमने-सामने होंगे। पिछली बार के चैंपियन अल्कराज ने जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-3, 6-2, 6-4 से पराजित किया। वह अब अमेरिकी ओपन में लगातार दूसरे खिताब के करीब पहुंच गए हैं।

रोजर फेडरर ने 2004 से 2008 तक यहां लगातार पांच खिताब जीते थे। इसके बाद पुरुष एकल में कोई भी खिलाड़ी अपने खिताब का बचाव नहीं कर पाया। इससे पहले मेदवेदेव ने भीषण गर्मी के बीच हमवतन आंद्रे रुबलेव को हराकर चौथी बार अमेरिकी ओपन के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। फ्लशिंग मीडोज पर तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था और ऐसे में खेलना आसान नहीं था। मेदवेदेव ने मैच के दौरान 'इनहेलर' का उपयोग किया और चिकित्सक की मदद भी ली।




वह हालांकि रुबलेव को6-4, 6-3, 6-4 से हराने में सफल रहे। मेदवेदेव ने मैच के बाद आगाह किया कि तेज गर्मी के कारण खिलाड़ियों को विकट समस्या से गुजरना पड़ सकता है। उन्होंने कहा,'' ऐसी परिस्थितियों कि आप कल्पना भी नहीं कर सकते। ऐसी स्थिति में किसी खिलाड़ी की जान भी जा सकती है। मैं नहीं जानता कि ऐसी परिस्थितियों में हम क्या कर सकते हैं क्योंकि शायद हम टूर्नामेंट को चार दिन के लिए नहीं रोक सकते हैं। लेकिन परिस्थितियां खतरनाक हैं।''

अल्कराज अगर सेमीफाइनल में जीत दर्ज करते हैं तो फाइनल में उनका मुकाबला नोवाक जोकोविच से हो सकता है जिन्हें उन्होंने विंबलडन के खिताबी मुकाबले में पराजित किया था। जोकोविच एक अन्य सेमीफाइनल में अमेरिका के 20 वर्षीय खिलाड़ी बेन शेल्टन का सामना करेंगे। शेल्टन पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंचे हैं। महिला एकल में आर्यना सबालेंका ने 23वीं वरीयता प्राप्त झेंग किनवेन को 6-1, 6-4 से हराकर ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिताओं में लगातार पांचवीं बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेंका अगले सप्ताह जारी होने वाली डब्ल्यूटीए रैंकिंग में इगा स्वियातेक की जगह विश्व की नंबर एक खिलाड़ी बन जाएगी। बेलारूस की सबालेंका सेमीफाइनल में अमेरिका की मेडिसन कीज से भिड़ेगी ।

## नीदरलैंड ने घोषित किया 15 सदस्यीय स्क्वॉयड

**नीदरलैंड ,07 सितम्बर 2023।** वर्ल्ड कप 2023 के लिए नीदरलैंड ने अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। वहीं इस टीम में दो अनुभवी खिलाड़ी रुलोफ वैन डेर मेरवे और कॉलिन एकरमैन को टीम में शामिल किया गया है। वहीं टीम की कमान स्कॉट एडवर्ड्स को सौंपी गई है। वर्ल्ड कप में सभी की निगाहें स्टार ओपनर मैक्स ओडोड और स्टार ऑलराउंडर बास डी लीडे पर होगी। नीदरलैंड भारत में होने वाले विश्व कप के लिए अच्छी तैयारी कर रहा है। दरअसल, नीदरलैंड खिलाड़ियों ने बैंगलुरु में प्रशिक्षण लिया है। विश्व कप टीम में घोषित खिलाड़ी अब 20 सितंबर के आसपास भारत के बेंगलुरु के लिए उड़ान भरेंगे जहां मेगा इवेंट से पहले उनका शिविर होगा। इसके साथ ही, उन्हें कर्नाटक के खइलाफ तीन अभ्यास मैच भी खेलने हैं। उसके बाद 30 सितंबर ऑस्ट्रेलिया और 3 अक्टूबर को मेजबान भारत के खिलाफ अभ्यास मैच खेलना है। वहीं टूर्नामेंट में उनके अभियान की शुरुआत 6 अक्टूबर को हैदराबाद में पाकिस्तान के खिलाफ होगी।

वर्ल्ड कप के लिए नीदरलैंड का स्क्वॉड स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), मैक्स ओडोड, बास डी लीडे, विक्रम सिंह, तेजा निदामनुरू, पॉल वैन मीकेरेन, कॉलिन एकरमैन, रूलोफ वैन डेर मेरवे, लोगान वैन बीक, आर्यन दत्त, रयान क्लेन, वेस्ले बर्रेसी, साकिब जुल्फिकार, शारिज़ अहमद, साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट

## आईपीएल में 8 साल बाद वापसी करेंगे मिचेल स्टार्क



**मेलबर्न ,07 सितम्बर 2023।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क 2015 के बाद पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेल सकते हैं। उन्होंने 2024 में होने वाले टूर्नामेंट के लिए अपना नाम नीलामी में रखने का फैसला किया है। बायें हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क ने हमेशा आईपीएल की बजाय अपनी राष्ट्रीय टीम को प्राथमिकता में रखा।

## अजय देवगन लेकर आ रहे दे दे प्यार दे 2,मिलाया लव रंजन से हाथ




अभिनेता अजय देवगन आने वाले दिनों में कई बड़ी फिल्मों में नजर आएंगे। अब एक और फिल्म उनके खाते से जुड़ गई है।खबर है कि वह निर्देशक लव रंजन के साथ फिर काम करने जा रहे हैं। दोनों हिट फिल्म दे दे प्यार दे के सीक्वल के लिए साथ आ रहे हैं।इस फिल्म के सीक्वल का दर्शक काफी समय से इंतजार कर रहे थे।आइए जानते हैं क्या कुछ जानकारी मिली है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अजय दे दे प्यार दे 2 की शूटिंग अगले साल की शुरुआत में शुरू करने वाले हैं।लव और तरुण जैन ने फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार कर दी है।सीक्वल में 26 वर्षीय आयशा खुराना (रकुल प्रीत सिंह) और 50 साल के आशीष (अजय) के रिश्ते को लेकर आयशा के परिवार का पक्ष दिखाया जाएगा।फिल्म में दिखाया जाएगा कि उनके इस रिश्ते पर आयशा के परिवार की प्रतिक्रिया क्या होगी?

भले ही फिल्म के लेखक पुराने ही हों, लेकिन निर्देशन की कमान इस बार अकिव अली नहीं संभालेंगे। खबर है कि फिल्म का निर्देशन अंशुल शर्मा करेंगे, जो लव की पिछली फिल्मों सोनू के टीटू की स्वीटी और तू झूठी मैं मक्कार के क्रिएटिव डायरेक्टर रह चुके हैं।अगर सब कुछ योजना के मुताबिक हुआ तो अजय निर्देशक रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन के बाद दे दे प्यार दे 2 की शूटिंग शुरू करेंगे। प्यार उम्र देखकर नहीं होता, लेकिन हमउम्र होते हुए भी आपसी तालमेल और सोच में फर्क आ जाए तो रिश्ते में दरार आना तय है। कुछ ऐसी ही कहानी है दे दे प्यार दे की।इस फिल्म को लव ने भूषण कुमार और अंकुर गर्ग के साथ मिलकर बनाया था।50 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 143 करोड़ रुपये की कमाई की थी।फिल्म 2019 में रिलीज हुई थी।

अजय पिछली बार फिल्म भोला में नजर आए थे। जल्द ही उन्हें फिल्म मैदान में देखा जाएगा। हालांकि, इसकी रिलीज तारीख में कई दफा बदलाव हो चुका है। अब खबर है कि यह सितंबर में रिलीज होगी।सिंघम अगेन में उनके साथ दीपिका पादुकोण नजर आने वाली हैं।विकास बहल की अगली फिल्म भी अजय के खाते से जुड़ी है, जिसमें उनके साथ आर माधवन नजर आएंगे।इसके अलावा अजय फिल्म रेड 2 भी लेकर आ रहे हैं। 2023 में कई सफल फिल्मों के सीक्वल आए हैं। हाल ही में अक्षय कुमार ओह माय गॉड 2, सनी देओल गदर 2 और आयुष्मान खुराना ड्रीम गर्ल 2 लेकर आए। फिलहाल सलमान खान की फिल्म टाइगर की तीसरी किस्त टाइगर 3 का इंतजार है।

## सैफ अली खान की फिल्म भूत पुलिस का आएगा सिक्वल

सैफ अली खान और अर्जुन कपूर की हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूत पुलिस 10 सितंबर, 2021 को डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज हुई थी।इसमें जैकलीन फर्नांडीज, यामी गौतम और जावेद जाफरी जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आए थे।अब इस फिल्म को लेकर खबर आ रही है कि जल्द ही दर्शकों को भूत पुलिस का सीक्वल देखने को मिल सकता है। निर्माता भूत पुलिस के दूसरा भाग बनाने पर विचार कर रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, भूत पुलिस का सीक्वल पाइपलाइन में है।फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम शुरू हो चुका है। हालांकि, फिल्म के सीक्वल के कलाकारों और कहानी के बारे में अभी तक ज्यादा खुलासा नहीं किया गया है और जल्द ही अधिक आधिकारिक घोषणा की उम्मीद है।भूत पुलिस के निर्माता अक्षय पुरी है। इसका निर्देशन पवन कृपलानी ने किया गया था।फिल्म की कहानी पवन कृपलानी, सुमित बठेजा और पूजा लाधा सुरति ने लिखी थी।

फिल्म की तो भूत पुलिस हॉरर कॉमेडी फिल्म है, जिसकी कहानी भूतों को पकड़ने वाले भाइयों विभूति और चिरौंजी के इर्द-गिर्द घूमती है। ये किरदार सैफ और अर्जुन निभाते नजर आए थे।इस फिल्म को लगभग 40 करोड़ रुपये की लागत में बनाया गया था।फिलहाल, अक्षय पुरी और उनका प्रोडक्शन हाउस करीना कपूर, जयदीप अहलावत और विजय वर्मा अभिनीत जाने जान की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं।इसका निर्देशन मशहूर फिल्म निर्माता हंसल मेहता ने किया है।






## पिंक ब्लेजर पहन पूजा हेगड़े ने कराया हॉट फोटोशूट,कैमरे में फोकस कर दिए सेक्सी पोज

बॉलीवुड एक्ट्रेस पूजा हेगड़े आए दिन अपनी बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को दीवाना बनाती रहती हैं। एक्ट्रेस हर बार अपने लेटेस्ट लुक से इंटरनेट पर तबाही मचा देती हैं। हाल ही में पूजा हेगड़े ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी सेक्सी तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिसमें वो काफी किलर अंदाज में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस पूजा हेगड़े साउथ और बॉलीवुड इंडस्ट्री का जाना-माना नाम है। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही सुर्खियां बटौरने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को रिझाना शुरू कर दिया है। इन तस्वीरों में पूजा हेगड़े का बोल्ड लुक इंटरनेट पर बवाल मचा रहा है। बता दें कि एक्ट्रेस अपने इस लुक में काफी गॉर्जियस नजर आ रही हैं। पूजा हेगड़े ने अपनी इन तस्वीरों में पिंक कलर की ब्लेजर पहनी हुई है, जिसमें वो हॉट लग रही हैं। वहीं दूसरी फोटो में आप देख सकते हैं कि एक्ट्रेस ने ब्लैक कलर की शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई है। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को देखकर एक बार फिर से फैंस के होश उड़ गए हैं। उनका ये लुक इंटरनेट पर शेयर होते ही वायरल हो गया है। बताते चलें कि एक्ट्रेस पूजा हेगड़े जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो लोग जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। पूजा हेगड़े सोशल मीडिया लवर हैं, इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है।

# कांग्रेस खरीदेगी राज्य के किसानों का 20 क्विंटल धान

## बैज बोले भाजपा चाहे कितना अवरोध लगाये छत्तीसगढ़ के किसानों का धान खरीदा जायेगा



**रायपुर,07 सितम्बर2023 (ए)।** चीफ दीपक बैज बोले मोदी सरकार एक बार फिर से छत्तीसगढ़ में धान खरीदी को बाधित करने अडंगे डाल रही है। लेकिन, भाजपा चाहे कितना अवरोध लगाये छत्तीसगढ़ के किसानों का धान खरीदा जायेगा। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार के राज में किसानों को उनकी उपज की भरपूर कीमत मिल रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की फिर से सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ का किसान देश में सबसे समृद्ध किसान होगा। प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी करने का मुख्यमंत्री का निर्णय ऐतिहासिक है।

इस निर्णय से छत्तीसगढ़ का किसान अपने दाना-दाना धान की सबसे ज्यादा कीमत प्राप्त करेगा। आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में किसान प्रति एकड़ 60000 रू. का धान बेचेगा, इससे छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने साबित कर दिया कि सही मायने में छत्तीसगढ़ सरकार किसान हितैषी सरकार है। एक तरफ देश भर में खेती किसानी घाटे का सौदा हो गयी है। छत्तीसगढ़ में खेती करके किसान समृद्ध और खुशहाल हो रहे है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि आदतन किसान विरोधी भारतीय जनता पार्टी और केन्द्र की मोदी सरकार एक बार फिर से छत्तीसगढ़ में धान खरीदी को बाधित करने अडंगे डाल रही है। सीधे तौर पर धान खरीदी में केन्द्र का कोई योगदान नहीं होता। लेकिन केन्द्रीय पुल में चावल खरीदी में कटौती करके एक बार फिर से छत्तीसगढ़ के किसानो से बदला ले रही है।

विगत 31 अगस्त को छत्तीसगढ़ से केन्द्रीय पुल में 86 लाख 50 हजार मीट्रिक टन चावल खरीदने का वादा केन्द्र की मोदी सरकार ने किया था, इसे अब घटाकर 61 लाख मीट्रिक टन कर दिया है। पहले भी वर्ष 2020-21 में इसी तरह छत्तीसगढ़ के भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के बरगलाने पर केन्द्र की मोदी सरकार ने केन्द्रीय पुल में 60 लाख मीट्रिक टन चावल खरीदी के लक्ष्य को घटाकर 24 लाख मीट्रिक टन कर दिया था। भाजपा कुछ भी कर ले छत्तीसगढ़ के किसानों का दाना-दाना धान की खरीदी होगी।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदकर कृषकों को उनकी उपज का वास्तविक मूल्य दिलाया। साथ ही कोदो, कुटकी, रागी जैसे फसलों को भी समर्थन मूल्य पर खरीदी कर किसानों को और अधिक लाभ पहुँचा रहे है। 20 क्विन्टल प्रति एकड़ धान खरीदी होने से अब सभी किसानों को अधिक लाभ मिलेगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ किसान होते है। इस हेतु प्रदेश सरकार किसानों के हितों को लेकर गंभीरता से कार्य कर रही है। जनहितकारी योजनाओं से किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बना रही है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की सीमा बढ़ाने से छोटे-बड़े सभी किसानों को लाभ होगा। किसानों के आय में वृद्धि होगी, उनका आर्थिक व सामाजिक विकास होगा।

### बीजेपी का याद दिलाया अधूरा वादा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की कथनी, करनी का अंतर हमेशा से अलग रही। छत्तीसगढ़ में सरकार में रहते भाजपा ने वायदा किया कि धान का 2100 रूपये समर्थन मूल्य देंगे, नहीं दिया।



5 साल तक 300 रूपये बोनस देंगे, 5 साल नही दिया।धान का एक-एक दाना खरीदेंगे, नहीं खरीदा। 10 क्विंटल खरीद रहे थे कांग्रेस के विरोध के बाद बढ़ाया। 2014 के चुनाव के पहले मोदी ने वायदा किया था। स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिशों लागू करेंगे।लागत मूल्य का डेढ़ गूना समर्थन मूल्य देंगे, नहीं दिया। 2022 तक किसानों की आय दुगुनी करेंगे। 2022 बीत गया किसानों की आय बढ़ने के बजाये घट गयी।

# रैगिंग के आरोपी छात्रों को कठोर सजा से मिली राहत

### » एचएनएलयू के चांसलर चीफ जस्टिस सिन्हा ने प्रबंधन को दी ये सलाह

**बिलासपुर ,07 सितम्बर 2023(ए)।**

रैगिंग के एक मामले में दो छात्रों को कठोर सजा दी गई, मगर जब यह मामला हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी रायपुर के चांसलर और चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के पास पहुंचा तो उन्होंने छात्रों को माफी देते हुए भविष्य के लिए चेतावनी दी। साथ ही यह भी कहा कि शैक्षिक संस्थानों को सजा देते समय एक अभिभावक के रूप में सावधानी रखना भी जरूरी है।






### ये है मामला

हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के एक छात्र को 14 जुलाई 2023 को 5-6 छात्र देर रात उसके हॉस्टल के कमरे से अपने साथ ले गए। आरोपी छात्रों ने करीब 2 घंटे तक उसे अपने साथ रखा। उसे गालियां देते हुए गाना गाने और पोल डांस करने के लिए मजबूर किया गया। पीड़ित छात्र किसी तरह उनसे बचकर अपने कमरे में वापस लौट गया और दूसरे दिन तीन छात्रों के खिलाफ प्रबंधन से लिखित शिकायत की।

### सजा के साथ लगाया जुर्माना

प्रबंधन ने शिकायत की जांच के बाद 18 जुलाई को इन तीनों छात्रों को यूनिवर्सिटी कैंपस खाली करने का आदेश देते हुए सस्पेंड कर दिया तथा आगे की कार्रवाई के लिए एंटी रैगिंग स्क्वाड के पास भेजा। एंटी रैगिंग स्क्वाड ने इनमें से दो छात्रों को दोषी पाया। दोनों को पीड़ित छात्र से लिखित में माफी मंगवाई गई। यूनिवर्सिटी की गतिविधियों में साल भर तक शामिल होने से रोक दिया गया, साथ ही 50-50 हजार रुपये का जुर्माना लगा दिया गया।

### आरोपी छात्रों ने की अपील

इस सजा के खिलाफ दोनों आरोपी छात्रों ने यूनिवर्सिटी के चांसलर चीफ जस्टिस सिन्हा के समक्ष अपील की। चीफ जस्टिस ने पाया कि दोनों छात्रों को अपना पक्ष रखने का अवसर नहीं दिया गया। साथ ही कार्रवाई केवल इन दो छात्रों पर ही की गई जबकि घटना में कुछ और छात्र शामिल थे। चांसलर ने दोनों छात्रों को भविष्य के लिए चेतावनी दी और सजा निरस्त कर दी। साथ ही कहा है कि वे पीड़ित छात्र को किसी तरह परेशान नहीं करेंगे।

### 'छात्र की गलती सुधारने का हो प्रयास'

चांसलर जस्टिस सिन्हा ने अपने आदेश में टिप्पणी की है कि शैक्षणिक संस्थानों में रैगिंग चिंताजनक रूप से बढ़ी है और इसे सख्ती से रोकने की जरूरत है। शैक्षणिक संस्थान के प्रमुख का छात्रों के साथ बर्ताव अभिभावक जैसा होना चाहिए। उनका उद्देश्य छात्र की गलती को सुधारना होना चाहिए और किसी छात्र के करियर में नुकसान न पहुंचे, इसका ध्यान रखा जाना चाहिए। अधिकतम जुर्माना आवश्यक नहीं था। कड़ी सजा से वैमनस्यता बढ़ सकती है और इससे समाज को नुकसान हो सकता है।

### सीजे ने पेश की नजीर

गौरतलब है कि शिक्षण संस्थानों में रैगिंग के मामलों में काफी कठोर सजा का प्रावधान किया गया है। अक्सर इस तरह के मामलों में संस्थान दोषी छात्रों को कड़ी से कड़ी सजा देते हैं।

# बघेल ने केंद्रीय खाद्य मंत्री को लिखा पत्र

**रायपुर,07सितम्बर2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरुवार को केंद्रीय खाद्य एवम सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में केंद्रीय पूल में चावल उपार्जन का लक्ष्य 86.5 लाख मे.टन यथावत रखने का अनुरोध किया है। साथ ही परिणामी चावल की पैकेजिंग के लिए 3.56 लाख गठान नए जूट बैग की आपूर्ति जूट कमिश्नर के माध्यम से कराए जाने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने का आग्रह किया है।

सीएम बघेल ने पत्र में लिखा है कि खाद्य एवम सार्वजनिक वितरण विभाग, भारत सरकार की ओर से खाद्य सचिवों की बैठक 21 अगस्त 2023 की जारी कार्यवाही विवरण 28 अगस्त 2023 की ओर से राज्य में धान के उपार्जन अनुमान 130 लाख टन के अनुसार बनने वाले परिणामी चावल की 86.5 लाख मे.टन मात्रा को घटाते हुए 61 लाख मे.टन कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त जूट पैकेजिंग की छठवीं आपूर्ति योजना 6 सितंबर की ओर से केन्द्रीय पूल में चावल उपार्जन के लिए आवश्यक नए जूट बारदानों की आपूर्ति मात्रा को कम करते हुए 3.56 लाख गठान के स्थान पर 2.45 लाख गठान किया गया है।



मुख्यमंत्री ने 21 अगस्त को खाद्य सचिवों की बैठक में हुई चर्चा का का उल्लेख करते हुए कहा है कि इस बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से राज्य में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में राज्य सरकार की ओर से धान खरीदी की सीमा 20 क्विंटल प्रति एकड़ किए जाने का उल्लेख करते हुए, जो कि विगत कई वर्षो से खरीफ विपणन वर्ष 2014-15 से 15 क्विंटल प्रति एकड निर्धारित थी, केन्द्रीय पूल में 86 लाख मे.टन चावल उपार्जन के लक्ष्य को यथावत रखे जाने का अनुरोध किया गया था। विगत वर्षों में धान के रकबे में हुई बढ़ोत्तरी के साथ-साथ राज्य के किसानों की ओर से उन्नत किस्म के बीजों के उपयोग और बेहतर उर्वरक प्रबंधन के दृष्टिगत उत्पादकता में वृद्धि हुई है। विशेषत: मध्य छत्तीसगढ़ के मैदानी क्षेत्रों में, जिसके चलते किसानों समूहों की ओर से की गई मांग के आधार पर राज्य में धान खरीदी की सीमा 15 क्विंटल प्रति एकड़ को बढ़ाते हुए राज्य शासन की ओर से अधिकतम 20 क्विंटल प्रति एकड़ निर्धारित की गई है।

राज्य के कृषि विभाग की ओर से प्रथम अग्रिम अनुमान के आधार पर राज्य में बोए गए धान के रकबे 36 लाख हेक्टेयर में 136.5 लाख टन धान उत्पादन का अनुमान लगाया गया है। राज्य के कुछ एक स्थानों को छोड़कर मानसून की स्थिति धान के फसल के अनुरूप है। राज्य के सिंचित रकबे में कुछ स्थानों पर पानी की कमी के चलते नहरों के माध्यम से सिंचाई का प्रबंध भी किया गया है। उपरोक्त व्यवस्था के दृष्टिगत राज्य में धान का उत्पादन अग्रिम अनुमान से अधिक होना अवश्यम्भावी है।

# कांग्रेस की पहली सूची में इन 31 प्रत्याशियों के नामों पर लगी मुहर !



**रायपुर,07सितम्बर2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस और भाजपा दोनों ही पार्टियों ने अपनी कमर कस ली है। हालांकि यह बात और है कि भाजपा ने पहले ही अपने 21 प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है।

इस बीच कांग्रेस के अंदर खेमे से खबर आ रही है कि 31 प्रत्याशियों के नामों पर मुहर भी लग गई है। बस पार्टी द्वारा इन नामों की घोषणा करना शेष है। इनमें से अधिकांश वर्तमान में विधायक है।

भूपेश बघेल,पाटन
टी.एस. सिंहदेव, अंबिकापुर
संतराम नेताम, केशकाल
अरुण वोरा,दुर्ग शहर
ताम्रध्वज साहू,दुर्ग ग्रामीण
रविंद्र चौबे,साजा
अमितेश शुक्ला,राजिम
धनेंद्र साहू,अभनपुर
मो अकबर,कवर्धा
विकास उपाध्याय,रायपुर पश्चिम
शिव डहरिया,आरंग
गुलाब कमरो,भरतपुर सोनहट
अमरजीत भगत,सीतापुर
दलेश्वर साहू,डोंगरगांव
गुरु रुद्रकुमार,नवागढ़
द्वारिकाधीश साहू,खल्लारी
कवासी लखमा,कोंटा
आशीष छाबड़ा,बेमेतरा
उमेश पटेल,खरसिया
मोहन मरकाम,कोंडागांव
विक्रम मंडावी,बीजापुर
उत्तरी जांगड़े,सारंगढ़
जय सिंह अग्रवाल,कोरबा
लखेश्वर बघेल,बस्तर
अनिला भेड़िया,डौंडीलोहारा
रामपुकार सिंह,पत्थलगांव
चरणदास महंत,सक्ती
लालजीत राठिया,धर्मजयगढ़
पुरषोत्तम कंवर,कटघोरा
शैलेश पांडे,बिलासपुर
विनोद चंद्रकार,महासमुंद

# यस बैंक घोटाला मामले में हाईकोर्ट ने शासन से 16 अक्टूबर तक मांगी रिपोर्ट



### 165 करोड़ रुपये हुआ है फर्जीवाड़ा

**बिलासपुर ,07 सितम्बर 2023(ए)।** यस बैंक के एक फर्जी खाते से लगभग 165 करोड़ रुपये के लेनदेन के मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन के जांच संबंधी शपथ पत्र पर चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने सुनवाई की. मुख्य सचिव के शपथ पत्र में बताया गया कि कुछ दस्तावेज ऐसे हैं जिसे न्यायालय में अंतिम रूप से प्रस्तुत किया जा सकता है. किंतु सुनवाई के दौरान न्यायालय में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए. कोर्ट ने 16 अक्टूबर तक जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ता प्रभुनाथ मिश्रा ने अपनी याचिका में बताया है कि यस बैंक में फर्जी खाते से एक कर्मचारी के नाम पर करोड़ों रुपये का लेनदेन हो रहा था. लिखित जानकारी देने पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई. एफआईआर दर्ज किए जाने के बावजूद शासन वर्षों से जांच करने की बजाय पीड़ित की प्रथम सूचना रिपोर्ट को ही खत्म करने की कोशिश में है. खाते से करोड़ों रुपये का लेनदेन विदेश से हुआ है. लाखों रुपये नकद एक बार में जमा किए गए हैं और निकल गए हैं. इस मामले के दोनों आरोपी हितेश चौबे और अनिमेष सिंह फरार हैं. खाते से खरीदी गई बड़ी गाड़ियों और अन्य सामग्रियों की अब तक जब्ती नहीं की गई है.

# सीजी पीएससी में स्थान बनाकर सारिका मित्तल ने रायगढ़ का मान बढ़ाया



**रायगढ़,07सितम्बर 2023(ए)।**

रायगढ़ की बेटी, सारिका मित्तल, ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में अद्वितीय प्रदर्शन दिखा कर पूरे प्रदेश को अपनी प्रतिभा से सबको गौरवान्वित किया है। उनकी सफलता के शिखर पर पहुंचने का सफर संघर्ष और कठोर परिश्रम का परिणाम है। विशेषता यह है कि सारिका ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को सिर्फ अपने दूसरे प्रयास में हासिल किया। इस विशेष अवसर पर, सुनील रामदास ने उन्हें जोरदार बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा, बेटियों के इस प्रकार की उपलब्धियां हमारी समाज की सशक्तिकरण की ओर एक कदम और बढ़ाती हैं।

इसे ना सिर्फ सारिका की व्यक्तिगत उपलब्धि के रूप में देखना चाहिए, बल्कि यह उन सभी बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत है जो अपने सपनों को हकीकत में बदलना चाहती हैं, सुनील रामदास ने कहा।

सुनील रामदास ने इस अवसर पर सारिका और अन्य उम्मीदवारों को बधाई देते हुए कहा, बेटियों की इस तरह की उपलब्धियां हमें गर्वित करती हैं। इसे एक नई शिक्षा और समर्पण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानना चाहिए। सारिका मित्तल रायगढ़ वृंदावन कॉलोनी निवासी अशोक मित्तल की सुपुत्री है।

### राज्य की 6 बेटियों का नाम पीएससी के टॉप-10 लिस्ट में

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) ने राज्य सेवा परीक्षा-2022 का अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। इसमें सारिका मित्तल रायगढ़ प्रथम स्थान पर, शुभम देव दूसरे और श्रेयांश पतेरिया तीसरे स्थान पर रहे। पीएससी से जारी अंतिम परिणाम में बेटियों ने बाजी मारते हुए टॉप-10 के 6 स्थानों पर अपना कब्जा जमाया है। याने टॉप-10 की लिस्ट में प्रदेश की 10 बेटियों का नाम शामिल है। इनके अलावा डीएसपी पद के लिए महिला उम्मीदवार सुमन जायसवाल ने टॉप किया है। सीजीपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट में अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं।

# कई मतदान केंद्रों पर लाइव नजर रखेंगे अधिकारी




**रायपुर,07सितम्बर2023(ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में इस दफ। पहली बार ऐसा होगा जब जिले के आधे से ज्यादा मतदान केंद्रों में क्या हो रहा है? इसका लाइव प्रसारण प्रशासन के कंट्रोल रूम में होगा।

अफसर वहां बैठकर एक एक गतिविधियों को देखेंगे।

इस लाइव टेलीकास्ट को रायपुर के ही नहीं बल्कि दिल्ली वाले अफसर भी देख सकेंगे। किसी भी तरह की गड़बड़ी या विवाद होने पर तुरंत अफसर पहुंचेगे। मतदान केंद्रों में लाइव प्रसारण के दौरान नेटवर्क स्ट्रांग रहे और बिना किसी रुकावट काम करे, इसके लिए अफसरों को अभी से जिम्मेदारी दे दी गई है। मतदान केंद्रों में सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध हो इसके लिए कलेक्टोरेट में बैठक ली गई। इसमें खासतौर पर बलौदाबाजार विधानसभा के अफसर भी मौजूद थे। अफसरों से कहा गया कि पिछले चुनाव में अगर किसी मतदान केंद्र में गड़बड़ी हुई हो तो इस बार वही स्थिति न हो इसके लिए अभी से उपाय करें। सभी अफसर ईवीएम मशीन की भी जांच कर लें। मतदान के समय किसी भी मशीन में कोई खराबी नहीं आनी चाहिए।

सभी सेक्टर अधिकारी अपने मतदान दल के सदस्यों के मोबाइल नंबर अपने पास रखें और मोबाइल हर स्थिति में चालू रखें।

# मंत्री का खास आदमी गिरफ्तार

### कोर्ट से याचिका खारिज होते ही पुलिस ने दबोचा

**कोरबा,07सितम्बर2023(ए)।** राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के करीबी विकास सिंह को कोरबा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विकास सिंह के ऊपर एक महिला ने दीपिका थाने में अपराध दर्ज करवाया था। जिसमें 5 सितंबर को अग्रिम जमानत अर्जी खारिज होने के बाद पुलिस ने विकास सिंह को गिरफ्तार किया है और आज एक्ट्रोसोटी अदालत में पेश कर रहीं है। वर्तमान मामला दीपका थाना क्षेत्र का है। विकास सिंह पर कुल एक दर्जन मामले पिछले कई सालों में दर्ज हुए हैं। जिला बदर की भी कार्यवाही जिला प्रशासन ने पूर्व में विकास सिंह के ऊपर की थी।राजस्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल के करीबी विकास सिंह के ऊपर कोरबा जिले के दीपका थाने में अपराध क्रमांक 75/2020 धारा 354 क (1)(2), 354 घ, 506,509 भादवि तथा एक्ट्रोसिटी का अपराध दर्ज था। 2020 में दर्ज हुए अपराध के बाद उस वक्त कोरोना का फायदा उठा विकास सिंह ने हाईकोर्ट से गिरफ्तारी पर स्टे ले लिया था। पिछले दिनों विकास सिंह के स्टे को हाईकोर्ट ने वेकेंट( हटा) कर दिया। जिसके बाद विकास सिंह ने अग्रिम जमानत के लिए कोरबा की एक्ट्रोसिटी




की विशेष अदालत में याचिका दाखिल की थी जो कि 5 सितंबर को खारिज हो गई। जिसके बाद आज विकास सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और उसे अदालत में पेश कर रही है।

कोरबा के दीपका थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता ने अपराध दर्ज करवाते हुए बताया था कि विकास सिंह ने शादी का झांसा देकर उससे लगतार अनाचार किया है। इसके बाद उसे छोड़ दिया। महिला ने इसकी फिर पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाई थी। बाद में उसकी अन्यत्र जगह शादी हो गई। अदालत में जिस दिन उसकी गवाही पेशी थी। उस दिनांक को विकास सिंह और उसके साथियों ने उसके पति का अपहरण कर लिया और बयान बदलने के लिए मजबूर किया। दबाव में आकर अदालत में उसने अपना बयान बदल दिया। जिसके बाद विकास सिंह दोषमुक्त हो गया। उल्टे अदालत ने उसे झूठी एफआईआर करवाने पर दो साल की सजा सुना दी। बाद में पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उपस्थित होकर अपने ऊपर हुए अत्याचारों की लिखित शिकायत वर्ष 2020 में पीड़िता ने सौंपी थी। इस शिकायत का पता चलते ही विकास सिंह फिर से पीड़िता को धमकाने लगा था और उसके घर पर आपत्तिजनक फोटोज फेंक कर शिकायत वापस न लेने पर बदनाम करने की धमकी दी थी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दीपका थाने में अपराध दर्ज किया था।

# आकाशगंगा मार्केट जलमग्न,दुकानों में तैर रहे पंखे,फ्रीज

**दुर्ग/भिलाई,07सितम्बर2023(ए)।** दुर्ग और भिलाई में महज़ चंद घंटों की बारिश में नगर का व्यव्सायिक परिसर आकाशगंगा जलमग्न हो गया है। शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की ग्राउंड फ्लोर की सभी दुकानें पानी में डूब गई हैं। रातभर की तेज बारिश से दुकानदारों को लाखों रूपये का नुक्सान पहुंचा है। खासकर इलेक्ट्रॉनिक और होम एप्लायंसेस वाले कारोबारियों ने जब दुकान सभी महंगे सामान पानी में तैरते मिले। दुकान खोलते ही बारिश के पानी में तैरते ऐसी, फ्रिज, टीवी और पंखे समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स आयटम का ख़राब होना तय है। जानकारी के मुताबिक आकाशगंगा कॉम्प्लेक्स में पानी भरने



की गुंजाइश देखते हुए कारोबारियों ने निगम को व्यवस्था करने की गुहार लगाई थी। रातभर हुई बारिश कुछ देर के लिए रुकि और फिर आज सुबह से रफ़्तार पकड़ ली।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)